


आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



● वर्ष- 16 अंक 238- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद को समर्पित अरुणोदय पंचांग








**जबलपुर यश भारत। शारदेय नवरात्र के मौके पर ब्रम्हलीन द्विपीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती जी महाराज को समर्पित बहुप्रतीक्षित अरुणोदय पंचांग शीघ्र ही आम लोगों के बीच घर का पंडित बनकर आने वाला है ।**

### ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद जी महाराज व प्रख्यात ज्योतिषाचार्य नारायण शंकर व्यास मां बगुलामुखी को किया अर्पित

# ग्रह नक्षत्रों की सटीक जानकारी अरूणोदय पंचांग

जिसका गुरुवार को सिविक सेंटर स्थित बगलामुखी मंदिर में ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज द्वारा अरुणोदय पंचांग को मंत्रोचार के बीच माता भगवती के चरणों में अर्पित किया। इस दौरान पंचांग निर्माण में अमूल सहयोग देने वाले पंडित नारायण शंकर व्यास व पंडित लोकेश व्यास मौजूद रहे।, जिन्होंने ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज को पंचांग के विषय में सभी जानकारियां दी। पंचांग के प्रकाशक यशभारत के संस्थपक आशीष शुक्ला द्वारा कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रबुद्धजनों का अभिनंदन किया गया तथा पंचांग प्रकाशन के उद्देश्य और पंचांग के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला । पंचांग के निर्माण पंडित नारायण शंकर व्यास के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले **पंडित लोकेश व्यास ने दावा किया कि इस पंचांग में गलती होने की संभावना ना के बराबर है ।** इस मौके पर पंचांग की डिजाइन करने वाले नरेश कुशवाहा भी मौजूद रहे जिन्होंने उपस्थित सभी जनों को साधुवाद दिया । कार्यक्रम में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ,डॉ अभिजात्य कृष्ण त्रिपाठी, अभिमन्यु जैन, यूएस दुबे, सीएन दुबे, सुरेश मिश्रा विचित्र, शोभाराम, सागर शुक्ला, अखिल तिवारी, मनोज सेन, प्रेमनारायण पांडे सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे।

## घर का पंडित साबित होगा अरूणोदय पंचांग

पंचांग के उज्जवल भविष्य की कामना। पंचांग की गणना के आधार पर तीज त्योहारों ग्रह नक्षत्रों की जानकारी मिलती है जो हिंदू धर्म का प्रमुख भाग है । ऐसे में यह पंचांग कहीं ना कहीं सनातन को मजबूती प्रदान करेगा।

**ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद जी महाराज**

एक पंचांग के निर्माण होने में लगभग 1 वर्ष का समय लगता है लेकिन यह पहचान रिकॉर्ड समय में तैयार हुआ है ।जिसमें सभी महत्वपूर्ण गणनाए व तीज त्यौहार व तिथियों की सटीक जानकारी दी गई जो आपके घर का पंडित साबित होगा।

**पंडित नारायण शंकर व्यास**
**ज्योतिषाचार्य**



# मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को बढ़त

### कांग्रेस दे रही है टक्कर

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश के 46 नगरीय निकायों में आज मतगणना चल रही है। इनमें से कुछ में परिणाम आ चुके हैं, तो कहीं रूझान हैं। अभी तक आए परिणामों में नगरीय निकायों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का ही वर्चस्व देखने के लिए मिला है। अलीराजपुर के चंद्रशेखर आजाद नगर में भाजपा जीती है। झाबुआ में कांग्रेस जीती है। जोबट के 15 में से नौ वार्डों में भाजपा के उम्मीदवार जीते, कांग्रेस और निर्दलीयों को तीन-तीन सीटजीती हैं। झाबुआ नगर पालिका पर कब्जा करने के लिए कांग्रेस-भाजपा के बीच तगड़ा मुकाबला हो गया है। अभी तक के रुझान के अनुसार कांग्रेस 9,भाजपा 7 व निर्देलीय 2 वार्डो में आगे है। कांग्रेस की पूर्व परिषद का कार्यकाल संतोषजनक नहीं रहा लेकिन भाजपा को टिकट वितरण में हुई गलती का खामियाजा भुगतना प? रहा है। पुनासा में भाजपा को बहुमत, पर्चा में निर्दलीय राजेश मालाकार जीते हैं। हरसूद में कांग्रेस को बढ़त, नगर परिषद पर दूसरी बार कब्जे के आसार हैं। जबलपुर में अंचल के 19 नगरीय निकायों में मतगणना शुरू होने के साथ ही नतीजे आने भी शुरू हो गए हैं। सिवनी की लखनादौन नगर परिषद, डिंडौरी जिले की डिंडौरी व शहपुरा नगर परिषद है। शहडोल जिले की शहडोल नगरपालिका, जयसिंहनगर व बुढार नगर परिषद, अनूपपुर की कोतमा नगर पालिका, बिजुरी व बरगवां नगर परिषद, सिंगरौली की बरगवां व सरई नगर परिषद, बालाघाट की मलाजखंड नगरपालिका व बैहर नगरपरिषद, उमरिया की पाली नगर परिषद के अलावा मंडला व नैनपुर नगर पालिका और बिछिया, बम्हनी बंजर व निवास नगर परिषद में मतगणना की जा रही है। डिंडौरी शहपुरा जिले के शहपुरा नगर परिषद के 15 वार्डों में से 13 वार्डों में भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की है। नगर परिषद निवास में भाजपा का कब्जा 15 वार्डों में 10 में भाजपा और 5 में कांग्रेस ने दर्ज की जीत।

# कांग-रेस खड़गे -थुरूर में टक्कर

## जी-23 के नेता भी पहुंचे खड़गे के समर्थन में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव के लिए नॉमिनेशन शुक्रवार को शुरू हो गया। सबसे पहला नॉमिनेशन शशि थरूर ने भरा। गांधी फैमिली की पसंद मल्लिकार्जुन खड़गे हैं, वो भी नॉमिनेशन फाइल करने कांग्रेस दफ्तर पहुंच चुके हैं। लेकिन, कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के बीच में कांग्रेस दफ्तर में राजस्थान का विवाद गूंज रहा है। यहां सचिन पायलट के समर्थक इकट्ठा हुए और नारेबाजी करने लगे।दिग्विजय सिंह ने खड़गे का नाम अध्यक्ष पद के लिए सामने आने के बाद चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। खड़गे से मिलने भी पहुंचे। इस मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। दिग्विजय ने कहा, कैमरे पर बात करूंगा, भागने वाला नेता नहीं हूं। कांग्रेस के लिए काम किया है। काम करता रहूंगा। तीन बातों पर समझौता नहीं करता। पहली



बात- दलित, आदिवासी के मामलों में समझौता नहीं करता। दूसरी बात- साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वालों से समझौता नहीं करता। तीसरी बात- गांधी परिवार के साथ निष्ठा से समझौता नहीं करूंगा। मैं कल खड़गेजी के घर गया और पूछा कि आप अगर नॉमिनेशन कर रहे हो तो मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। प्रेस के माध्यम से आज जानकारी मिली कि वे कैंडिडेट हैं। मैं आज फिर उनके घर गया और कहा कि आप वरिष्ठ नेता हैं, मैं आपके खिलाफ चुनाव लड़ने की बात सोच भी नहीं सकता। अब उनका इरादा चुनाव लड़ने का है तो मैं उनका प्रस्तावक बनना स्वीकार करता हूं। अशोक गहलोत भी खड़गे से मिलने पहुंचे। इस मुलाकात के बाद कहा- खड़गे अनुभवी नेता हैं। उनका चुनाव लड़ने का फैसला सही है। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव अब फ्रेंडली मैच है। हम सभी लोग एकजुट हैं।शशि थरूर ने कहा कि मल्लिकार्जुन जी बेहद सम्मानित साथी हैं। जितने ज्यादा लोग चुनाव में उतरेंगे, कांग्रेस उतनी ही बेहतर होगी। झारखंड कांग्रेस लीडर केएन त्रिपाठी ने भी अध्यक्ष पद के लिए नॉमिनेशन फाइल किया।

# मुकेश अंबानी को मिली जेड + सिक्योरिटी, 58 कमांडो करेंगे सुरक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उद्योगपति मुकेश अंबानी की सिक्योरिटी बढ़ा दी है। MHA ने उन्हें ‘+ कैटेगरी की सिक्योरिटी दी है।

### IB की रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने लिया

सिक्योरिटी पर आने वाले खर्च का भुगतान मुकेश अंबानी करेंगे। यह खर्च 40 से 45 लाख रुपए महीना होगा। इससे पहले उन्हें ‘ कैटेगरी की सिक्योरिटी मिली हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक IB की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने यह फैसला लिया है। ढ्ढक्च ने मुकेश अंबानी पर खतरे का अंदेशा जताया था। मुकेश अंबानी की



सिक्योरिटी ऐसे समय में बढ़ाई गई है, जब पिछले साल उनके घर एंटीलिया के बाहर एक संदिग्ध कार मिली थी, जिसमें जिलेटिन की 20 छड़ें पाई गई थीं। इसके अलावा उन्हें धमकी भरे कॉल भी मिलते रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई दिनों से अंबानी की सिक्योरिटी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार विचार कर रही थी।

# ब्रह्मपुत्र में 30 लोगों से भरी नाव पलटी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम की ब्रह्मपुत्र नदी में गुरुवार को 30 लोगों से भरी एक नाव पलट गई। इसमें सवार 7 लोग लापता हो गए हैं। इनमें एक सीनियर अफसर समेत कई स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। हादसा धुबरी जिले में हुआ। हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि नाव पर करीब 100 यात्री सवार थे और उस पर 10 मोटरसाइकिल लदी हुई थीं। इधर, असम डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के ष्टश्वह्र ने बताया कि सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। अब तक 15 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है, हालांकि स्कूली बच्चों की तलाश जारी है। SDRF ने इसके लिए 10 गोताखोरों की तैनाती की है। 8 लोगों ने तैरकर अपनी जान बचाई।एक अधिकारी ने बताया कि भाशानी जा रही नाव धुबरी शहर से करीब 3 किलोमीटर दूर अदाबारी में एक पुल पोस्ट से टकराकर पलट गई। इसमें कई स्कूली बच्चे सवार थे नाव पर धुबरी के सर्कल अफसर संजू दास, एक लैंड रिकॉर्ड अफसर और ऑफिस स्टाफ के साथ सवार थे। वे कटान प्रभावित इलाके का सर्वे करने के लिए जा रहे थे। दास लापता है, जबकि दो अन्य तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे।

# एलन मस्क की एक लाख करोड़ का झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी शेयर बाजारों में एक बार फिर गुरुवार को बिकवाली का तूफान आया, जिसमें टेस्ला, गूगल (अल्फाबेट इंक), फेसबुक (मेटा) और अमेजन जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयर औंधेमुंह गिर गए। इस अमेरिकी तूफान में दुनिया के पहले नंबर के अमीर एलन मस्क की कुल दौलत में से 13.3 डॉलर ((करीब 1,08,587 करोड़ रुपये) उड़ गए। वहीं, जेफ बेजोस को 3.22 अरब डॉलर का झटका लगा।बता दें गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार का प्रमुख संवेदी सूचकांक डाऊ जोंस 1.54 फीसद यानी 458 अंकों का गोता लगाकर 29225 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डैक में 2.84 फीसद की गिरावट रही और यह 10737 के स्तर पर बंद हुआ। जबकि, एस एंड पी 500 में 2.11 फीसद की गिरावट रही। इसका असर यह हुआ कि एलन मस्क की टेस्ला के शेयर 6.81 फीसद टूटे। इससे उन्हें एक ही दिन में 13.3 अरब डॉलर का नुकसान हुआ।

# अफगानिस्तान में धमाके से 19 लोगों की मौत

**काबुल,एजेंसी।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शिया बहुल इलाके में शुक्रवार तड़के बम ब्लास्ट हुआ। इसकी चपेट में आने से 19 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हुए हैं। तालिबान की ओर से नियुक्त प्रवक्ता खालिद जदरान ने बताया कि दशती बारची इलाके में शुक्रवार सुबह यह विस्फोट हुआ। इस क्षेत्र में अधिकतर अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक शिया समुदाय के लोग रहते हैं। विस्फोट की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। रिपोर्ट के मुताबिक, दशती बारची इलाके में एक एजुकेशन सेंटर में आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। मृतकों और घायलों में ज्यादातर हाई स्कूल के छात्र और छात्राएं हैं। ये बच्चे यहां पर यूनिवर्सिटी एंट्रेस एग्जाम की तैयारी कर रहे थे। इसे काज हायर एजुकेशन सेंटर के तौर पर जाना जाता है, जो बच्चों को कॉलेज एंट्रेस एग्जाम की तैयारी कराता है।

# पीएम ने तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई




**अहमदाबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर स्टेशन पर गांधीनगर-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह देश की तीसरी वंदे भारत ट्रेन है। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर से कालूपुर तक नई ट्रेन में सफर भी किया। ट्रेन में उनके साथ रेलवे कर्मचारी, महिला उद्यमी और कई युवा भी मौजूद रहे।

# पति की मौत के बाद मां ने 3 नाबालिग बेटियों को बेचा

**उज्जैन, ईएमएस।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में एक मां पर अपनी बेटियों को बेचने का आरोप लगा है। आरोप है कि पति की मौत के बाद एक महिला ने अपनी 3 नाबालिग बेटियों को रुपये लेकर बेच दिया। महिला की बड़ी बेटी अपने नाना और नानी के साथ थाने पहुंची तब इस पूरी कहानी का पर्दाफाश हुआ। पूरी कहानी सुनकर पुलिस ने इसकी शिकायत दर्ज कर दी और वो हरकत में आई। पुलिस ने मां उसके प्रेमी के साथ ही नाबालिगों को खरीदने वाले तीनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बड़ी बेटी ने ये भी बताया की मां के एक अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध भी है जिनके साथ मां लिव इन रिलेशनशिप में रह रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, महिला के पति की तीन साल पहले मौत हो गई थी। पति की



मौत के बाद महिला अपनी 12 वर्ष, 14 वर्ष और 16 वर्ष की तीन नाबालिग बेटियों के साथ अपने मायके रीवा चली गई थी। रीवा में रहकर वो मजदूरी का कार्य करने लगी। इस दौरान महिला की पहचान श्याम सिंह नाम के युवक से हुई। श्याम सिंह के साथ महिला का प्रेम-प्रसंग इतना बढ़ गया कि महिला श्याम सिंह के साथ ही लिव इन रिलेशनशिप में रहने के लिए अपनी तीन बेटियों को लेकर यहां आ गई। आरोप है कि यहां रहते हुए महिला ने सबसे पहले अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी की शादी 4 लाख रुपये लेकर माकड़ोन के रहने वाले गोविंद सिंह के साथ कर दी। कुछ दिन बाद ही माँ ने अपनी दूसरी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी की शादी राजस्थान के निवासी दानू सिंह के साथ कर दी।

# आरबीआई ने लगातार चौथी बार बढ़ाई ब्याज दर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आरबीआई ने लगातार चौथी बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की है। केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर में 50 बेसिस अंक की बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही रेपो रेट 5.90 फीसदी पहुंच गया है जो तीन साल में सबसे अधिक है। रेपो रेट वह दर है जिस पर आरबीआई बैंकों को लोन देता है। इसके बढ़ने से होम लोन समेत सभी तरह के लोन महंगे हो जाएंगे। केंद्रीय बैंक की मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक में रेपो रेट में बढ़ोतरी का फैसला किया गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। मई से रेपो रेट में 1.90 फीसदी की बढ़ोतरी की जा चुकी है। **टॉप ब्रैंड्स के लैपटॉप, ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में खरीदारी का बड़ा मौका** माना जा रहा था कि महंगाई को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक एक बार फिर रेपो रेट में बढ़ोतरी कर सकता है। दुनियाभर के सेंट्रल बैंकों ने महंगाई को काबू करने के लिए ब्याज दरों में इजाफा किया है।



आरबीआई ने मई में रेपो रेट में 190 बेसिस पॉइंट्स का इजाफा कर चुका है। अमेरिकी फेड रिजर्व ने ब्याज दरों में लगातार तीसरी बार 75 बेसिस पॉइंट्स की बढ़ोतरी की थी जिसके बाद रुपये पर दबाव बढ़ गया था। साथ ही खुदरा महंगाई भी अगस्त में फिर बढ़ गई थी। ऐसी स्थिति में अर्थशास्त्रियों का मानना थी कि आरबीआई शुक्रवार को रेपो रेट में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकता है। रेपो रेट्स में बढ़ोतरी से कॉस्ट ऑफ बोरोइंग यानी उधारी की लागत बढ़ जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि रेपो रेट बढ़ने से बैंकों की बोरोइंग कॉस्ट बढ़ जाएगी। बैंक इसे ग्राहकों पर डालेंगे। इससे लोन लेना महंगा हो जाएगा। इससे मकानों की बिक्री भी प्रभावित होगी। कच्चे माल की कीमत में बढ़ोतरी से बिल्डर पहले ही रियल एस्टेट की कीमत बढ़ा चुके हैं। इससे रियल एस्टेट मार्केट की रिकवरी प्रभावित होगी जो पहले ही धीमी गति से पटरी पर लौट रही है।बैंक जो नए रिटेल लोन देते हैं, वे किसी एक्सटरनल बेंचमार्क से जुड़े होते हैं। अधिकांश मामलों में यह रेपो रेट से जुड़ा होता है। यही वजह है कि रेपो रेट में किसी भी बदलाव से होम लोन का इंटरेस्ट रेट प्रभावित होता है। यानी रेपो रेट में बढ़ोतरी से अपने होम लोन की किस्त बढ़ जाएगी। साथ ही एमसीएलआर, बेस रेट और बीपीएलआर से जुड़े पुराने होम लोन पर भी इसका असर होगा।अगर किसी व्यक्ति ने अप्रैल 2022 में 30 लाख रुपये का होम लोन 6.95 फीसदी ब्याज पर 20 साल के लिए ले रखा है तो अभी 8.35 फीसदी के हिसाब से उसकी किस्त 25,751 रुपये होगी। रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद अगर बैंक लेंडिंग रेट में 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी करता है तो ब्याज दर 8.60 परसेंट पहुंच जाएगी। इससे उसकी किस्त बढ़कर 26,225 रुपये पहुंच जाएगी।

## रेपो रेट में 50 बेसिस पॉइंट्स का इजाफा

शुभांक -1-3-5

# शारदेय नवरात्र : सड़कें जगमग

# आज से रतजगा



## कजरवारा की महाकाली माई की खप्पर आरती

जबलपुर,यशभारत। शारदेय नवरात्र के मौके पर शहर के साथ-साथ उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता रानी की आराधना का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज पांचवे दिन स्कंदमाता की पूजा अर्चना की जा रही है। मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का जमावड़ा है। पूजा पंडालों में भी मातारानी की स्थापना कर दी गई है। आज शाम ढलते ही सड़कों पर लोगों की उमड़ने लगेगी। षष्ठी और सप्तमी को भक्तों का उमड़ना पूर्ववत कीर्तिमान दर्ज करेगा। अष्टमी को दुर्गा उत्सव अपने चरम पर पहुंचेगा। नवमीं को हर तरफ शेरावाली की जयकार गूंजेगी और फिर विजयदशमी की धूमधाम सुनाई पड़ने लगेगी। जबलपुर में उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा, अधारताल, सदर, रांझी से लेकर मुख्य मार्ग व बाजार आदि में दुर्गा समितियां देखने लायक सजावट करती हैं। मंच को ऐसा सजाया जाता है कि भक्त सम्मोहित होकर बस निहारते रह जाते हैं। प्रत्येक प्रतिमा का दर्शन करने भक्त सड़कों पर उतर जाते हैं। कोई पैदल चलता दिखता है, तो कोई दोपहिया पर सवार होकर निकलता है। रतजगा करते भक्तों के चेहरों पर अपार उत्साह नजर आता है। वे हर हाल में सभी दुर्गा समितियों की मेहनत का अवलोकन करने की ठान कर घर से निकलते हैं।

कजरवारा नई बस्ती खेरमाई मंदिर के पास स्थापित की गई महाकाली समिति संरक्षक मतों जसेले के साथ समिति के सभी सदस्यों ने माई की मूर्ति को जिस रास्ते से लाया गया है, और जिस रास्ते से माई का जुलूस जाना है उस रास्ते के गढ्ढे भरवाए गए है, रास्ते के दोनो तरफ के व्रक्षो की छटाई करवाई गई, पुलियों के दोनो तरफ स्लोप बनवाए गए है, रास्ते में लटके बिजली के वायर ,केविल और डिस्क के तारों को ऊपर किया गया है। धार्मिक आयोजनों में भक्तो को शामिल होने की विशेस व्यवस्था की जा रही है। महाकाली माई की प्रतिमा इस क्षेत्र में मात्र कजरवारा में ही स्थापित की जा रही है इस लिए भीटा,टेमर, पिगरी, भोंगाद्वार, धोबीघाट, बिलहरी,कुलाना,शिवपुरी,कटिया घाट के भक्त माई के दर्शन करने कजरवारा आ रहे है। माई के पांडा रामचंद्र ने बताया है की माई की मूर्ति आगामी 2030 तक के लिए भक्तो द्वारा अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर स्थापित करने के लिए दी गई है। माई की मूर्ति इस तिथि के पश्चात ही समिति स्वीकार करेगी। कलकत्ता में महाकाली माई की खप्पर आरती की तर्ज पर आज कजरवारा क्षेत्र में महाकाली माई की आरती की गई। आरती पांडा श्री राम चंद्र,बल्लू जी ,शिव दुबे ने माई के प्रांगण में भक्तों को भाव विभोर कर दिया। समिति अध्यक्ष अविनाश चौधरी, समिति सदस्य अंकुश , साहिल, कमल, अरुण,मुकेश,शिवा नायडू ने कजरवारा की महाकाली माई के दर्शन लाभ लेने की अपील की है।श्रीमति रागनी नायडू अपनी मंडली के चित्रा देवी, लीजो,रंजिता , सोनू चौधरी, महाकाली माई के स्थान पर प्रतिदिन भक्ति मय रात्रिजागरण कर धर्म लाभ प्रदान कर रही है।



# कीटनाशक विक्रेताओं के बारह दिवसीय कीटनाशी प्रबंधन कोर्स का प्रमाण पत्र वितरित

### कृषि विज्ञान केन्द्र जबलपुर का आयोजन



**जबलपुर, यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अंतगर्त कृषि विज्ञान केन्द्र जबलपुर में कुलपति प्रो. पी. के. बिसेन, ज.ने.कृ.वि.वि. जबलपुर की प्रेरणा एवं डॉ. डी. पी. शर्मा, संचालक विस्तार सेवायें के निर्देशन व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ रश्मि शुक्ला के मार्गदर्शन में 12 सप्ताह के कीटनाशी प्रबंधन पाठ्यक्रम के तृतीय बैच का प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीड़कनाशी आदान विक्रेताओं के प्रशिक्षण हेतु वह कार्यक्रम 11जून से 28अगस्त तक केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ए. के. सिंह द्वारा राष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के निर्देशन में संपन्न हुआ। उक्त कोर्स में जिले के 40 आदान विक्रेताओं ने भाग लिया। विदित हो कि यह प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आदान विक्रेताओं को पीड़कनाशियों, रोगों व कीटों आदि के बारे ज्ञानवर्धन व पीड़कनाशियों के फसलवार चयन एवं न्यायसंगत प्रयोग हेतु शिक्षित किया जाता है , वे कृषकों की समस्याओं की पहचान कर उसके निवारण हेतु अधिक पीड़कनाशी प्रदान कर सकें , जिससे लागत में कमी के साथ-साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। समस्त 40 प्रशिक्षणार्थियों को उक्तकार्यक्रम के प्रमाण पत्र केन्द्र की प्रमुख डॉ रश्मि शुक्ला, कोर्स समन्वयक डॉ. ए के. सिंह, केन्द्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ. यतिराज खरे द्वारा प्रदाय किये गये। इस अवसर पर केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ नीलू विश्वकर्मा, डॉ. डी. के. सिंह, डॉ. नितिन सिंघई, डॉ पूजा चतुर्वेदी, नेहा शर्मा, डॉ निहारिका शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. ए. के. सरावगी आज होंगे सेवानिवृत्त



**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं आचार्य एवं विभागाध्यक्ष ख्यातिलब्ध अर्थशास्त्री डॉ. ए. के. सरावगी अपनी 42 वर्षो की शासकीय सेवा से आज 30 सितम्बर 2022 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आपने शासकीय सेवा में रहते हुये कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। परिणामस्वरूव कृषि के छात्र-छात्राओं एवं किसानों के बीच में आपकी विशिष्ट पहचान है।



## त्याग की महिमा नाटिका का भावपूर्ण मंचन

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारत वर्षीय महिला परिषद मननमति शाखा रांझी के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान त्याग की महिमा प्रस्तुत की जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय चेयरपर्सन श्रीमती विमला जैन संभागीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता जैन मैक्स संभागीय सचिव श्रीमती मंजू कराना जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कंचन लता जैन डॉक्टर श्रीमान अशोक कुमार जी जैन समाज की सबसे वरिष्ठ माताजी श्रीमती सूरज जी जैन एवं श्रीमती इंदु बाला जैन शाखा के अध्यक्ष श्रीमती दीपशिखा जैन उपाध्यक्ष स्नेह लता सचिव शिल्पी कोषाध्यक् शिप्रा सह कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना सांस्कृतिक मंत्री आरती जैन प्रीति निशा धार्मिक मंत्री प्रीति अलका सविता निधि एवं परिषद की बहने श्रीमती रीना श्रीमती लाली श्रीमती राजुल श्रीमती साधना श्रीमती पायल श्रीमती निधि श्रीमती महिमा श्रीमती लीना श्रीमती पायल श्रीमती प्रगति श्रीमती रश्मि श्रीमती ज्योति श्रीमती सेवी श्रीमती श्वेता श्रीमती प्रियंका आदि बहनों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।



## आपदा प्रबंधन का प्रैक्टिकली प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अधारताल जबलपुर में ओजस क्लब के तहत आयोजित कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन का प्रैक्टिकली प्रदर्शन एसडीईआरएफ की टीम द्वारा किया गया। पैरा मिलिट्री फोर्स के कमांडेंट श्री संतोष कुमार जी की अगुआई में लगभग पंद्रह सदस्यीय दल ने बाढ़ से बचाव,,भूकंप से बचाव ,,आग लगने पर बचाव,,हृदय आघात होने पर बचाव और अपने अन्य सभी उपकरणों को उनके उपयोग सहित समझा कर पूरे विद्यालय की प्रशंसा के पात्र बने,,,सभी को स्मृति स्वरूप भेंट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री पालीवाल , उप प्राचार्य अन्विता सिंह,,ओजस प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव , मुकेश सिंह , अरुण जैन,ऋषि रघुवंशी सर श्रद्धा अग्रवाल ,प्रीति पटेल मैडम और पूरे स्टाफ की उपस्थिति और सराहनीय योगदान रहा।

## जबलपुर ने लहराया जीत का परचम

### श्रृष्टि, रिया, देवेन्द्र ने मचाई धूम अर्जित किए सर्वाधिक पदक

**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश योगासना स्पोर्ट्स एसोसियेशन के तत्वाधान भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में 34 पदक हासिल कर जबलपुर जिला ओवर आल चैंपियन बना। वही इंदौर 19 पादक प्राप्त कर दवितीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के प्रथम दिन सब जूनियर जूनियर और सीनियर वर्ग की ट्रेडिशनल प्रतियोगिता आयोजित की गई वहीं दूसरे दिन प्रतिभागियों ने आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पर और द्विदमिक पेपर की प्रतियोगिता आयोजित की गई इन दो दिवसीय प्रतिस्पर्धा में लगभग 400 बच्चो ने अपने भाग्य आजमा । एसोशियेशन के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि विजयी प्रतिभागी कर्नाटक में आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



## गरबा नृत्य द्वारा आदि शक्ति माँ की आराधना





**जबलपुर, यशभारत।** शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर आदि शक्ति माँ जगदम्बा की पूजा अर्चना कर गरबा नृत्य द्वारा माता को प्रसन्न करने का आयोजन उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा किया गया। स्टार सिटी करमेता में आयोजित गरबा महोत्सव के मुख्य अतिथि शैलेंद्र सिंह ठाकुर क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष थे। अध्यक्षता लोकेश सिन्हा एसपी साइबर क्राइम ने की। विशिष्ट अतिथि चमन श्रीवास्तव ,सत्येंद्र सिंह परिहार , श्रीमती अंजू भार्गव , रवि पटेल जी, श्रीमती रचना त्रिवेदी , श्रीमती अंजनी पांडे सानू प्रधान पुष्पा द्विवेदी कीर्ति कटहरे समता तनोडिया आदि की उपस्थिति में बेस्ट ज्वेलरी बेस्ट मेकअप बेस्ट कपल बेस्ट गरबा एवं कुछ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। उड़ान बेलफेयर की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य बिंदु रही 2022 की मिसेज इंडिया भावना तिवारी एवं मिसेज जबलपुर अमि खरे रहे। मंच संचालन किया राजेश गुप्ता एवं विशेष गुप्ता ने कार्यक्रम को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पुलिस दल भी पूरा मौजूद थे । मां राजराजेश्वरी समिति के द्वारा उड़ान के सभी सदस्यों का सम्मान कर गौरवान्वित किया गया। इस गरबा महोत्सव में प्रिया एवं गीतिका के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । इस कार्यक्रम में उमेश कटारे , टी आर सनोडिया, संजय खत्री , प्रवीण गुप्ता ,पीयूष गुप्ता , चंद्रशेखर पटेल, सुधा गुप्ता, सरोज गुप्ता ,सुनील नामदेव ,संतोष नेमा ,राजेश जैन ,रितेश गुप्ता जी एसएन दुबे , एस पी शर्मा,एसके राव ,रिंकू जैन मीना गुप्ता , नवीन तिवारी , राजेश असाटी , राजीव तिवारी , डॉ अशोक तिवारी सहयोग प्राप्त हुआ ।

**गोपाल विहार महिला मंडल द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन-** गोपाल विहार महिला मंडल द्वारा गोपाल सदन मैरिज लॉन में गरबा नृत्य द्वारा माता को प्रसन्न करने का आयोजन किया गया।आयोजन में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सुंदर वेशभूषा व नृत्य से सबका मन मोह लिया। आकर्षण का केंद्र बना डफली गरबा और ढोल की थाप पर सभी ने झूमकर गरबे का बेहतरीन प्रदर्शन किया।महिला मंडल द्वारा जहां श्रेष्ठ प्रस्तुतियों को पुरुस्कृत किया गया, वहीं प्रत्येक प्रतिभागी को भी उपहार बांटे गए। तत्पश्चात सभी ने गोपाल सदन के फूड स्टॉल पर मन चाहे स्वाद लिए।





## रोज चलो हजार कदम

### विश्व हृदय दिवस पर निकाली जागरूकता रैली ,नर्सिंग कॉलेज जबलपुर इन्सटीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस का आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जबलपुर हॉस्पिटल द्वारा संचालित नर्सिंग कॉलेज जबलपुर इन्सटीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस द्वारा हृदय रोगों से बचाव के लिये एक जागरूकता रैली कॉलेज परिसर से अहिंसा चौक विजयनगर होते हुये एस.बी.आई. चौक से विजय नगर क्षेत्र में निकाली गयी। रैली को कॉलेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर अग्रसेन वार्ड के पार्षद कमलेश अग्रवाल तथा जबलपुर हॉस्पिटल के वरिष्ठ कार्डियोलजिस्ट डा. उमेश अग्रवाल द्वारा प्रारंभ किया गया। रैली में नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं ने हृदय रोगों से बचाव के लिये रोज योग करने, प्रतिदिन हजार कदम चलने धूम्रपान त्यागने, संतुलित भोजन लेने की अपील की। रैली में जबलपुर हॉस्पिटल के डायरेक्टर श्री प्रकाश धीरावाणी, जबलपुर इन्सटीट्यूट आफ हेल्थ सांइस की प्राचार्या डा0 शबाना अंजुम उप प्राचार्या श्वेता ग्रिगसन तथा डा0 ऐनी एस. माथिन, प्रोफे. यशोदा श्रीवास्तव, प्रोफे.. मर्सी जैन, प्रोफे. लिमना मैथ्यू, श्रीमती अंकिता लाल, श्रीमती प्रतिभा पटेल, श्री अजय चौधरी, श्री संदीप, रामकृष्ण नेमा, साक्षी पोचाटे, शहनीला अंजुम, अंकिता नेमा, ज्योति गुप्ता, अक्षय वैद्य, नेहा तिवारी, शिवानी पटेल, प्रियंका, अदिति, शीतल, सिंपल, राजेश्वरी, मानसी, कॉजोल विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## अच्छी आदतों का, स्वास्थ्यवान जीवन हेतु हृदयाभार





**जबलपुर, यशभारत।** विश्व हृदय दिवसज्ज का उद्देश्य, लोगों के मध्य, हृदय से संबंधित रोगों, उनसे बचने के उपाय और उपचार की जागरूकता का प्रचार करना है। इसी को ध्यान मेंरखते हुए गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर ने, च्च्कार्डियो वॅस्क्युलर हेल्थ फॉर ऑलज्ज कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थापक एवमं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दुबे (एम डी, डी एम कारडीयालजी ए आइआइएम एस न्यू देल्ही गोल्ड मेडलीस्ट) ने बताया कि वर्ष 2022 को वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन ने, च्च्यूज़ हार्ट फॉर एवेरी हार्टज्ज की थीम बना कर, समूचे विश्व में हृदय की, गंभीर बीमारियों की रोकथाम और उपचार हेतु, व्यापक जागृति फैलाने का जिम्मा लिया है, और इसमे गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर के हम सभी हृदय रोग विशेषज्ञ अपना सहयोग कर रहे है, हृदय रोग विशेषज्ञ एवम संस्थापक डॉ. हरिशंकर चंदेल (एम डी, डी एम कारडीयालजी, गोल्ड मेडलीस्ट)। गैलेक्सी केअर्स हृदयाभार के आयोजन की शुरुआत दिन मे, मॉर्निंग वॉक और रन के साथ हुई, जिसे विधायक विनय सक्सेना द्वारा शुरू किया गया।डॉ पवन सोनी (मानसिक रोग विशेषज्ञ) और डॉ नंदन शर्मा (शिशु रोग विशेषज्ञ) ने बतलाया की सभी डॉक्टर्स के लिए, सी एम ई भी आयोजित की गयी। डॉ सुनील पटेल (अस्थि रोग विशेषज्ञ) डॉ अमितेश चतुर्वेदी (अस्थि रोग विशेषज्ञ),डॉ विवेक गुप्ता (दाँत रोग विशेषज्ञ) ने सभी प्रतिभागियों की हौसला अफ़ज़ाई की। डॉ. अमितेश चतुर्वेदी अस्थि रोग विशेषज्ञ ने गैलेक्सी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जबलपुर के, च्चौलेक्सी केअर्स हृदयाभार च्च कार्यक्रम के सफलतम आयोजन की बधाई दी!

डाक्टर चैम्बर उपलब्ध है
पताः त्रिवेणी हास्पिटल के सामने अशोका होटल के बाजू में (लाल बंगला)
संपर्कः 9300068860, 7691912082

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़→चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy | www.shalby.org

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

# मानसिक दिव्यांग किशोरी गर्भवती

## पेट में दर्द से हुआ खुलासा शादीशुदा निकला

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला के हिनौतिया में मानवता को शर्मसार करने वाला जघन्य मामला सामने आया है। 17 वर्षीय मानसिक दिव्यांग गर्भवती हो गई। जिसका खुलासा उस वक्त हुआ जब उसके पेट में दर्द होते ही परिजन उसे शासकीय अस्पताल ले गए। जहां पता चला कि मानसिक दिव्यांग नाबालिग के पेट में पांच माह का गर्भ है। यह खबर सुनते ही परिजनों के होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल बरेला थाने में मामले की शिकायत दर्ज करवाई। थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पतासाजी की तो नाबालिग किशोरी के साथ शदीशुदा युवक द्वारा बलात्कार करने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, प्रकरण को जांच में लिया है। बरेला थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाने पहुंचकर परिजनों ने शिकायत देते हुए बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग के साथ गांव के ही युवक ने दुराचार किया। जिसके बाद उनकी लाडली गर्भवती हो गयी।



### हुआ गर्भपात, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

### पुलिस ने की फौरी कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी प्रदीप परस्ते 30 वर्षीय हिनौतिया का ही है। जिसने पीड़िता के साथ ज्यादती की है।

### पांच माह पहले किया था दुष्कर्म

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि पीड़िता के साथ करीब पांच माह पहले ज्यादती हुई थी। आरोपी ने अपने प्रेम के झांसे में फांसकर पीड़िता को पहले तो अपने घर ले गया और घटना को अंजाम देकर पीड़िता को उसके घर छोड़ दिया।

### परिजनों ने डॉक्टर से दिखाया

ज्यादती होने के पांच माह बाद जब पीड़िता को पेट में दर्द हुआ तो परिजन उसे लेकर शासकीय अस्पताल बरेला पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जब चेक किया तो यह देखकर दंग रह गए कि पीड़िता गर्भ से है। लेकिन उचित ध्यान ना रखने के चलते गर्भ गिर गया। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने आरोपी को हिनौतिया से दबोच लिया ।



# पंचायत सहायक विस्तार अधिकारी को 10 हजार रु. की रिश्वत लेते दबोचा

## वेतन वृद्धि लगाने के एवज में मांग रहा था रकम

**जबलपुर, यशभारत। लोकायुक्त ने आज शुक्रवार को पंचायत सहायक विस्तार अधिकारी प्रभारी लेखा शाखा जनपद पंचायत सिवनी को दस हजार रुपये के रंग लगे हुए रिश्वत के नोटों के साथ दबोच लिया।**

लोकायुक्त को सचिव, खुरई ब्लॉक ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया था कि वेतन वृद्धि लगाने के एवज में आरोपी रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसके बाद टीम ने आरोपी ने पूरी योजना बनाकर आरोपी को बदोच लिया। जानकारी अनुसार राजिक अंसारी निवासी बारापत्थर ने लिखित शिकायत लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में प्रस्तुत की थी। आवेदक सचिव के पद पर खुरई ब्लॉक बकोड़ी में पदस्थ है जिसकी वर्ष 2019 से 2021 तक की वेतन वृद्धि लगना है जो नहीं लगाई जा रही थी। इस काम के लिए जब प्रार्थी जनपद पंचायत सिवनी में पदस्थ गणाराम कटरे से मिला तो उसके द्वारा वेतन वृद्धि लगाने के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई । जिसे लोकायुक्त टीम के द्वारा 10000 लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया । दल में निरीक्षक स्वप्निल दास, निरीक्षक भूपेंद्र दीवान एवं दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# लव, सेक्स, ब्लेकमेलिंग, मौत

## सीओडी कर्मी के पुत्र से युवती ने मांगे थे 1 लाख रुपये

**जबलपुर, यशभारत। मदनमहल पीली बिल्डिंग शारदा चौक में रहने वाले सीओडी कर्मी के पुत्र की इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस प्रकरण में चौकाने वाले तथ्य सामने आए है। मृतक के दोस्त और परिजनों ने आरोप लगाए है कि एक युवती मृतक को काफी समय से परेशान कर रही थी और ब्लेकमेल कर एक लाख रुपये की डिमांड लगातार की जा रही थी।**

संभवतः युवक ने इसी से तंग आकर आत्महत्या की कोशिश की थी। हांलाकि मदनमहल पुलिस प्रकरण की सभी एंगलों से पड़ताल कर रही है। शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। मदनमहल पुलिस को विजय नगर निवासी आशीष सिंगरहा ने शिकायत करते हुए बताया कि उसका भतीजा उमेश कुमार (काल्पनिक नाम) गुरुवार की रात कछपुरा रेलवे पटरियों के पास घायल अवस्था में लिया था। जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया था। जिसकी आज शुक्रवार को अलसुबह 5 बजे मौत हो गयी।

### दोस्त ने खोला राज

### पीड़ित परिजनों ने लगाया ब्लेकमेल करने का आरोप, मामले की जांच जारी

परिजनों ने बताया कि युवक की मौत के बाद दोस्तों ने बताया कि एक युवती एक लाख रुपये की डिमांड कर रही थी। जिसके बाद युवक तनाव में था। कल युवक बिना बाइक के घर से निकला और देर रात उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने ब्लेकमेलिंग का आरोप लगाया है। युवक का मोबाइल बरामद हुआ है। अब पूरी जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

### मामला जांच में

वहीं, जांच अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि युवक की असमय मौत के बाद परिवार शोकाकुल था। कथन के बाद बारीकी से पड़ताल की जाएगी। जिसके बाद ही मामले का खुलासा होगा।

## वृद्ध को लोडिड वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल के राजीव गांधी नगर में बेकाबू लोडिड वाहने ने एक वृद्ध को सीधी टक्कर मारकर, बुरी तरह घायल कर दिया। जिसे राहगीरों की मदद से 108 से मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि राजीव गांधीनगर में पैदल जा रहे अज्ञात 60 वर्षीय वृद्ध को अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। वृद्ध लहूलुहान हालत में रोड किनारे पड़ा रहा। जिसके बाद मचे हड़कंप के बाद तत्काल वृद्ध को नाजुक हालत में मेडिकल में 26 सितंबर 2022 को भर्ती किया गया था। जहां चले इलाज के पांच दिन बाद वृद्ध ने दम तोड़ दिया। पुलिस मृतक के परिजनों के संबंध में पतासाजी कर रही है।

## जबलपुर ओएफके हादसा

# बारुद से 45 फीसदी ज्यादा झुलसे कर्मी को एयर लिफ्ट कर भेजा गया मुंबई

**जबलपुर, यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में गुरूवार की दोपहर हुए एक हादसे में गंभीर रूप से झुलसे वर्कर नंद किशोर सोनी को आज शुक्रवार 30 सितंबर को विशेष विमान से एयर लिफ्ट कर मुंबई भेजा गया। नंद किशोर बारूद पाउडर में भड़की आग से करीब 45 फीसदी से ज्याद झुलस गए थे। जिसके बाद उन्हें जबलपुर के एक निजी अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया था। लेकिन उनकी स्थिति धीरे - धीरे बिगड़ते जा रही थी। जिसके बाद उन्हें मुंबई के नेशनल बर्न सेंटर हॉस्पिटल में भर्ती कराया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुबह से ही अस्पताल में वरिष्ठ अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया था। डीडीजी राजीव कुमार जैन, विधायक अशोक रोहाणी और महाप्रबंधक अशोक कुमार भी अस्पताल पहुंचे। वहीं बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी भी अस्पताल पहुंचे थे। दरअसल बारूद से जले हुए व्यक्ति में संक्रमण फैलने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती है।

## केमतानी फाउन्डेशन एवं अपोलो क्लीनिक के द्वारा

# आज शाम ग्वारीघाट में ई-कार्ट की सौगात

**जबलपुर, यशभारत।** आज शाम 7 बजे केमतानी फाउन्डेशन एवं अपोलो क्लीनिक के द्वारा ग्वारीघाट में ई-कार्ट भेंट की जा रही है, कार्यक्रम में देश विदेश में प्रसिद्ध




जानकी बेन्ड द्वारा नर्मदा अष्टक एवं नर्मदा गीत का गायन किया जायेगा । केमतानी फाउन्डेशन हमेशा ही महिला, बुजुर्ग एवं विकलांगों के लिये कार्य करता रहता है। महेश केमतानी जो कि प्रतिदिन माँ नर्मदा के दर्शन हेतु ग्वारीघाट जाते हैं । उन्होंने देखा कि बहुत से बुजुर्ग एवं विकलांग जो कि सीढ़ियाँ चढ़ उत्तर ना पाने के कारण नर्मदा आरती में सम्मिलित नहीं हो पाते। श्री केमतानी ने केमतानी फाउण्डेशन के माध्यम से ग्वारीघाट में ई-कार्ड देने का निश्चय किया है। साथ ही ग्वारीघाट में नर्मदा आरती के लिये एक इलेक्ट्रानिक एल.ई.डी. बोर्ड भी प्रदान कर रहे हैं।

# बरेला पशु चिकित्सालय में 65 हजार की चोरी

## एलड्राप तोड़कर दिया वारदात को अंजाम, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** बरेला के पशु चिकित्सालय में एलड्राप लॉक तोड़कर चोरों ने 65 हजार रूपये की चोरी को अंजाम देकर, फरार हो गए। सुबह जब कर्मी पहुंचे तो सामान अस्त-व्यस्त देखकर दंग रह गए। जिसके बाद थाने में शिकायत की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि डेलेन्द्र सिंह उइके 41 वर्ष निवासी बिलहरी गोराबजार ने पुलिस को बताया कि वह पशु चिकित्सालय बरेला में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर पदस्थ है । कल पशु चिकित्सालय बरेला में उत्तम लाला मरावी ताला बंद करके घर चला गया था। जब चिकित्सालय खोलने गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचे तो स्टोर रूम वाले कमरे का एलड्राप, कुंदा टूटा था । अंदर जाकर देखा तो, स्टोर रूम में रखा सामान अस्त व्यस्त था। जिसमें से इलेक्ट्रानिक माईक्रो स्कोप, सर्जिकल किट, कृत्रिम गर्भाधान किट सहित 65 हजार रूपये के सामान की चोरी कर ले उड़े।

# लोकायुक्त ने एएसआई को पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

## राजीनामा करवाने मांग रहा था रुपये

**जबलपुर, यशभारत ।** थाना सिविल लाइन में पदस्थ एएसआई प्रकाश राजेरिया को आज लोकायुक्त की टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। एएसआई एक प्रकरण में राजीनामा करवाने के लिए पीड़ित से रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसके बाद पीड़ित ने लोकायुक्त से शिकायत की। जिसके बाद अलर्ट लोकायुक्त ने रंग लगे हुए नोटों के साथ एएसआई को दबोच लिया। जानकारी अनुसार अनिल फुलेरिया आवेदक ने एसपी लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत की थी कि उस पर दर्ज एफआईआर में चालान पेश करने और सामने वाले पक्ष से राजीनामा करा कर मामला खत्म करने के एवज में एएसआई प्रकाश राजोरिया 5 हजार रिश्वत की मांग कर रहा है। थाना सिविल लाइन में यह मामला एएसआई प्रकाश राजोरिया के पास विवेचना में था । जिसके बाद सहायक उपनिरीक्षक ने रिश्वत के पांच हजार लेकर आवेदक अनिल फुलरिया को देवास बुलाया। देवी जी की पहाड़ी के पीछे की ओर पुलिस लाइन के पास उससे 5000 लेकर अपने पास रख लिए। तभी इशारा पाकर आसपास तैनात लोकायुक्त की टीम ने आरोपी प्रकाश राजोरिया को पकड़ लिया। थाना सिविल लाइंस देवास में कार्यवाही जारी है।



## महापौर निर्देशों का हुआ व्यापक असर

# क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का अभियान शुरू

**जबलपुर,यशभारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा प्रमुख पर्वो नवरात्र, दशहरा, दीपावली, ईद एवं अन्य त्यौहारों के दौरान आम नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था प्रदान करने के साथ-साथ शहर में दुधिया रोशनी की पर्यात्त व्यवस्था करने के संबंध में नगर निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर गत दिवस निर्देश प्रदान किये गए थे। महापौर श्री अन्नू के द्वारा दिये गए निर्देशों का व्यापक असर दिखाई दे रहा है। आज महापौर के निर्देशानुसार सभी 16 संभागों में संभाग के सभी तकनीकी अधिकारियों के द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के वार्ड पार्षदों के साथ बैठक की और संभाग स्तर पर क्षतिग्रस्त स?कों के सुधार एवं गड्ढे भरने का कार्य अभियान के तौर पर शुरू कराया। स?कों की मरम्मत एवं गड्ढों को भरने के कार्यो में व्यापक तेजी आई है। इस संबंध में प्रभारी निगमायुक्त महेश कुमार कोरी ने बताया कि गत दिवस निर्देश प्रदान किये थे, कि दशहरा दीपावली पर्व पर शहर में कहीं पर भी आवागमन प्रभावित न हो और न ही कोई स्थान ब्लैक स्पॉट के रूप में दिखाई दे। श्री कोरी ने बताया कि महापौर के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी 16 संभागों में स?कों की मरम्मत तेज गति से कराई जा रही है।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी मोहसिन खान का निधन

**जबलपुर, यशभारत।** मरहूम हाजी मो.मतीन खॉन कबाड़ी गुरन्दी वालो के बड़े बेटे जैनुल आबेदीन खॉन ( सेंट्रल कमेटी मेंबर मोहसिन ए आजम मिशन) मो.मजहर खॉन के वालिद हाजी मो.मोहसिन खॉन (वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, सेक्रेटरी दारूल उलूम अहले सुन्नत) का इन्तिकाल हो गया है मैय्यत उनके निवास गुरन्दी से उठाई गई। नमाजे जनाजा बाद नमाज़ जुमा जामा मस्जिद मंडी मदार टेकरी में अदा की गई और मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया।



## वरिष्ठ पत्रकार विनोद वैद्य के अनुज का निधन

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी अस्पताल राम नगर रद्दी चौकी अधारताल निवासी श्री शरद वैद्य का 63 वर्ष की आयु में हृदयागति अवरुद्ध होने के कारण निधन हो गया।वे वरिष्ठ पत्रकार विनोद वैद्य के छोटे भ्राता और आलोक वैद्य के पिता थे ।अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



## नगर में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन

# हे राम... कहते दशरथ ने त्यागे प्राण

### गढ़ा रामलीला में दशरथ मरण एवं भरत आगमन की लीला संपन्न

**जबलपुर,यशभारत।** श्री रामलीला समिति गढा जवालीपुरम में दशरथ मरण एवं भरत आगमन की लीला संपन्न हुई,। पहले भगवान राम की आरती संचालक अशोक मनोध्याय,निर्देशक राजेश मिश्रा,मानस सत्संग परिवार, सनातन धर्म महासभा पाटन एवं संस्कार भारती के सदस्यों ठाकुर रणधीर सिंह ,कृष्ण प्रसाद बेहूरे पूर्व नगर अध्यक्ष नगर परिषद पाटन, सुरेंद्र सिंह ठाकुर विश्व हिंदू परिषद, रामसेवक अग्रवाल, शिवकुमार वाजपेई, नीरज बजाज, राघवेंद्र शुक्ला, राजेश खरे ,श्रीमती विजयश्री मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, राकेश मिश्रा, संजय सेन, प्रभात दुबे, रवि सोनी, मदन गोपाल पटेल, अनिता मिश्रा, के द्वारा की गई और सभी अतिथियों ने लीला दर्शन कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। चक्रवर्ती महाराज दशरथ को सुमंत्र द्वारा यह समाचार सुनाए जाने पर कि राम, लक्ष्मण और सीता बहुत समझाने के बाद भी वन से वापस नहीं आए हैं इतना सुनते ही महाराज दशरथ ने



च्राम राम हा... राम पुकारते हुए अपने प्राण त्याग दिए एवं स्वर्ग सिधार गए। यह दृश्य देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। इस अवसर पर अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, महामंत्री राजेंद्र प्यासी, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश पाठक,शरद दुबे कुररिया,उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय,लोकराम कोरी, राजेश नेमा ,भोलाराम खत्री,विजय नेमा,शैलेन्द्र गोटिया,भूपेन्द्र उपाध्याय, अजय तिवारी, अरूण दीक्षित, रामफल मिश्रा ने समस्त रामभक्तों से उपस्थिति की अपील की है। आज शूर्पणखा चरित्र खर दूषण वध एवं सीता हरण की रोचक लीला का मंचन होगा समस्त भक्त जनों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहंचकर लीला का आनंद लें।

### छल से किया सीता का हरण, दुखी हुए श्रद्धालु

जबलपुर। संसार में साधू होना कठिन है, पर साधू बनना सरल है, कोई भी साधू बन कर किसी को भी छल सकता है। ये बात गोविंदगंज रामलीला में रावण ने मारीच से कही। रावण के इस व्यंग्य को समझदार दर्शक समझ गए। बहरहाल लीला प्रसंग के तहत मारीच मायामृग बना, और रावण ने सीता का हरण कर लिया। सीता हरण की लीला देख दर्शक भाव विहल हो गए। सीता विलाप और फिर उन्हें ढूंढने निकले श्रीराम का विलाम दर्शकों को दुखी कर गया। देवी सीते हो खबरदार अब तू मेरे पंजे में है-मैं लंकापति रावण हूं अब तू मेरे कब्जे में है, मैं शूर्पणखा का भाई हूं क्या नहीं जानती है मुझको-मैं लंकापति रावण हूं लंगा ले जाउंगा तुझको। ये कहते हुए रावण ने सीता का हरण कर लिया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि श्रीराम के रूप में ओम दुबे, सीता के रूप में कार्तिक दुबे, रावण के रूप में पवन पांडे, सुतीक्षण के रूप में शंकर शर्मा, ने बढ़िया रोल किया।श्री तिवारी ने बताया कि आज से मंच पर रामभक्त हनुमान का आगमन होगा।

# ग्वारीघाट में मिली अधेड़ महिला की लाश

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट में आज शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक अधेड़ महिला की लाश झूलेलाल मंदिर रोड पर लावारिस पड़ी हुई मिली। सुबह श्रद्धालुओं ने जब शव को देखा तो आवक रह गए। जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर, मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली झूलेलाल मंदिर के पास रोड पर एक अचेत अधेड़ महिला पड़ी हुई है। पुलिस पहुंची तो देखा महिला उम्र करीब 45-50 साल की सांसे थम चुकी थी। महिला कौन है और उसकी मौत कैसे हुई, अब पूरी जांच के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र./184/अ-6/21-22
जबलपुर, दिनांक 21/4/22

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पदमा किंजबड़कर पिता/पति आनंद निवासी 463/43 एकता नगर विवेकानंद वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 153/1 में से रकवा 1320 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता राजकुमार/आरपी चौबे से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्पश्चात मृत्यु उपरान्त वारसान हक में नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/9/22 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

जारी दिनांक - 21/4/22
पेशी दिनांक - 30/9/22

**नायब तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

## मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान शिविर में 6 सौ से अधिक हितग्राही हुए लाभांवित

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत आज नगर निगम द्वारा 6 वार्डो में शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें 6 सौ से अधिक हितग्राही लाभांवित हुए। कलेक्टर डॉ. इलैय राजा टी एवं प्रभारी निगमायुक्त महेश कुमार कोरी के द्वारा शहर के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने कार्य योजना बनाई गयी है, जिसके अंतर्गत वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 31 अक्टूबर तक वार्डो में लगेगें। सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि आज नगर निगम के 2 वार्डो जिसमें सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड एवं जयप्रकाश नारायण वार्ड में आयोजित शिविर के दौरान 6 सौ से अधिक हितग्राही पहुँचे और मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया।

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र/भू-अर्जन/जविप्रा/4784
जबलपुर, दिनांक /29/9/2022

**मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस को अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लॉक क्र 2 अ सिविक सेंटर मढ़ाताल जलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**मृत्यु उपरांत नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण**

| क्र | योजना क्र | भू/भ/दु क्र | आवेदक का नाम पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | भूखंड क्र 12 व 13 में निर्मित फ्लैट 205 (प्रथम तल) | डॉ विद्युलता जोशी, ऋषभ जोशी व रचिता जोशी पति/पिता व. श्री ऋषि अमरनाथ जोशी पता- 242 ए जय नगर जबलपुर | श्री ऋषि अमरनाथ जोशी की मृत्यु उपरांत वारिसों के नाम नामांकन हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। |
| 2 | 11 | भूखंड क्र 12 व 13 में निर्मित चैम्बर/दुकान 160 वफु (ग्राउण्ड फ्लोर) | डॉ विद्युलता जोशी, ऋषभ जोशी व रचिता जोशी पति/पिता व. श्री ऋषि अमरनाथ जोशी पता- 242 ए जय नगर जबलपुर | श्री ऋषि अमरनाथ जोशी की मृत्यु उपरांत वारिसों के नाम नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

**सहा.भू अर्जन अधिकारी**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

# मध्य प्रदेश में चुनाव से पहले ऐक्टिव हुई कांग्रेस लगाएगी गांधी चौपाल

**,भोपाल, ईएमएस। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर से 30 जनवरी तक चौपालों का आयोजन किया जाएगा। गांधी चौपाल कार्यक्रम के प्रभारी भूपेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को संवाददाताओं से चर्चा करते हुए बताया कि 2 अक्टूबर से गांधी चौपालों का आयोजन किया जाएगा। ये चौपालें 23,000 पंचायतों पर लगाई जाएंगी।**

गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र पर कम से कम 100 चौपालें 4 महीने के समय काल में आयोजित की जाएं। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर से शुरू होकर 30 जनवरी 2023 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि चौपाल के माध्यम से गांव से संवाद कायम करेगी। इस कार्यक्रम को लेकर अभी तक 2200 से अधिक कार्यक्रम समन्वयक बन चुके हैं। वे चौपालों को आयोजित करेंगे।



### भोपाल में लगेंगी 10 चौपालें

मध्य प्रदेश विचार विभाग ने इस कार्यक्रम को गति देने के लिए गांधी चौपाल के नाम से एक फेसबुक पेज भी शुरू किया है जिसमें 15 दिवस में ही लगभग 1300 फॉलोवर्स जुड़ चुके हैं। इस पेज के माध्यम से यह कार्यक्रम फेसबुक लाइव किया जायेगा। जिसमें भजन मंडली के माध्यम से देश और संस्कृति को जो?ने वाले भजन गाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि चौपाल अत्यंत सादगी पूर्ण होगी। हमने यह लक्ष्य किया है कि 2 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में 500 चौपालों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भोपाल में ही लगभग 10 चौपालें लगाई जाएंगी।

### दो लाख नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य

गांधी चौपालों में कांग्रेस पार्टी की आजादी के आंदोलन में सहभागिता के इतिहास पर और हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बलिदान पर विमर्श होगा। ग्रामीण जनों की स्थानीय समस्याओं एवं विकास के अभाव के तथ्य भी इकट्ठे किए जाएंगे। इस तरह चौपालों के माध्यम से लगभग 2 लाख नए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस से जोड़ा जाएगा। जिनसे आने वाले एक साल तक प्रदेश कार्यालय निरंतर संपर्क बनाएगा एवं उन्हें वैचारिक रूप से सुसज्जित करेगा। गांधी चौपाल के कार्यकर्ता भी रिले पदयात्रा के माध्यम से आगे जाकर भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो जाएंगे।

# भोपाल पुलिस ने रोकी कांग्रेस की आदिवासी न्याय यात्रा

## धार से पदयात्रा कर राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे विधायक व समर्थक

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में धार जिले के कारम डैम में हुए भ्रष्टाचार के बाद स्थानीय किसानों और आदिवासियों की मांग को लेकर कांग्रेस विधायक पांचीलाल मेढ़ा ने 21 सितंबर से पदयात्रा शुरू की थी। जो पदयात्रा आज राजधानी भोपाल पहुंची। भोपाल में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने आयी इस टुकड़ी को लालघाटी पर ही रोक लिया गया। उनके साथ कांग्रेस विधायक और कार्यकर्ता भी हैं। दरअसल पुलिस द्वारा आदिवासी न्याय यात्रा को भोपाल के लालघाटी पर रोकने के बाद कांग्रेस विधायकों पांचीलाल मेढ़ा के साथ पूर्व मंत्री सचिन यादव, सुरेन्द्र सिंह बघेल, डॉ. अशोक मर्सकोले आदि धरने पर बैठ गए। जानकारी मिलने के बाद पीसीसी चीफ कमलनाथ भी लालघाटी पहुंचे और धरने पर बैठ गए। वहीं कांग्रेस विधायक पांचीलाल मढ़ा और नाराज कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी सड़क पर बैठ गए। हालांकि कुछ देर रुकने के बाद वे चले भी गए। इसके बाद गुस्साए कांग्रेसी बैरिकेड्स पार करने की कोशिश करने लगे, जिसमें विधायक मेढ़ा का कुर्ता फट गया। और वे फटा कुर्ता पहने हुए ही नारेबाजी कर आगे बढ़े। पांचीलाल राज्यपाल से मिलने के लिए गुरुवार को भोपाल पहुंचे। मानसून विधानसभा सत्र के दौरान भी विधायक मेड़ा का कुर्ता फटने का मामला सामने आया था। धरने के दौरान कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस का पूरा समर्थन आपके साथ है। आपकी इस लड़ाई को कांग्रेस हर मोर्चे पर लड़ेगी। हमने विधानसभा के सत्र में भी इस मामले को उठाने की और सरकार से इस पर जवाब मांगने की कोशिश की। लेकिन सरकार कारम डैम के भ्रष्टाचार और प्रभावितों को न्याय के मामले में कोई चर्चा नहीं करना चाहती थी। उन्होंने कहा कि विधायक पांचीलाल मेड़ा के साथ दुर्व्यवहार किया गया। जब तक कारम डैम में हुए भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा नहीं मिल जाती पीड़ित परिवारों को उचित राहत और मुआवजा नहीं मिल जाता।

### कोलकाता एसटीएफ पहुंची भोपाल

# दो संदिग्ध अलकायदा आतंकियों को किया गिरफ्तार

**भोपाल ,ईएमएस।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को कोलकाता एसटीएफ ने भोपाल पहुंचकर ये कार्रवाई की है। कुछ दिन पहले पकड़े गए अलकायदा आतंकियों से पूछताछ में मिली जानकारी के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि बुधवार को कोलकाता एसटीएफ की टीम भोपाल पहुंची थी। भोपाल पुलिस की मदद से टीम में दो संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा है। ये अलकायदा से जुड़े बताए जा रहे हैं। गुरुवार को एसटीएफ दोनों को बंगाल लेकर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक ये दोनों आतंकी नाम बदलकर ठिकाने बदल रहे थे। पता चला है कि वे हावड़ा में भी किराए के मकान रहे थे। कुछ दिन पहले ही हावड़ा और दक्षिण 24 परगना से गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ के बाद इनके बारे में पता चला। जांच की गई तो एसटीएफ को पता चला कि दोनों भोपाल में छिपे हैं। इन दोनों ही हर जगह अलग-अलग नामों से रह रहे थे। कोलकाता ब्यरो के मुताबिक गुरुवार को बैंकशाल कोर्ट की विशेष अदालत में इनकी पेशी के दौरान सरकारी वकील ने कहा, दोनों संदिग्ध अलकायदा आतंकियों पर भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। उनके खिलाफ यूएपीए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मंत्री और सांसद रोकते रहे कांग्रेस M L A बोलते रहे

## शिवराज के मंच पर कमलनाथ की तारीफ; C M के पास बैठे तो मंत्री ने उठा दिया

**भोपाल, ईएमएस। राजगढ़ में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंच पर उस वक्त सियासी ड्रामा देखने को मिला, जब राजगढ़ के कांग्रेस विधायक बापू सिंह तंवर मंच से भाषण दे रहे थे। उन्होंने मंच पर शिवराज सिंह के सामने पूर्व सीएम कमलनाथ की जमकर तारीफ कर दी, साथ ही जिस मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन करने सीएम शिवराज सिंह यहां आए थे, उसे मंजूर करने का श्रेय कमलनाथ को दिया।**



खास बात ये है कि कांग्रेस विधायक बापू सिंह तंवर जब भाषण दे रहे थे, तब उनके 2 मिनट के भाषण में जिले के प्रभारी मंत्री मोहन यादव और सांसद रोडमल नागर उन्हें रोकते-टोकते रहे। उन्हें करीब 6 बार रोकने की कोशिश की, कांग्रेस विधायक का भाषण जल्द खत्म कराने के लिए सांसद और प्रभारी मंत्री उनके पीछे खड़े हो गए। लेकिन कांग्रेस विधायक नॉनस्टॉप बोलते रहे।

### मंत्री ने कांग्रेस विधायक को कुर्सी से उठाया

कांग्रेस विधायक बापू सिंह तंवर अपनी बात पूरी कर सीधे सीएम शिवराज के पास ही कुर्सी पर बैठकर उनसे चर्चा करने लगे, वे सीएम को स्थानीय समस्याएं बताने लगे, तभी मंत्री मोहन यादव ने उन्हें कुर्सी से उठा दिया और सीएम के पास खुद बैठ गए। ये वाकया बुधवार को सीएम शिवराज सिंह के राजगढ़ दौरे के दौरान हुआ, जिसका वीडियो अब सामने आया है। राजगढ़ में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को यहां आए थे। इसको लेकर राजगढ़ में एक बड़ा कार्यक्रम रखा गया था। राजगढ़ के कांग्रेस विधायक बापू सिंह तंवर ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि - च्हमारे यहां आज मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन करने मुख्यमंत्री जी आए हैं। आप सब लोग उनका ताली बजाकर जोरदार स्वागत कीजिए। ऐसा मौका बार-बार नहीं आता है। मैं क्षेत्र की कुछ मांगें उनके सामने रखता हूं, माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन करता हूं कि मुख्यमंत्री जी हमारा जिला पिछ?। है, यहां के लोग मेहनत और मजदूरी करने आज भी बाहर जाते हैं। यहां एक उद्योग लगवाएं ताकि लोगों को रोजगार मिल सके। जिले में कृषि महाविद्यालय खोला जाए, क्योंकि हमारा जिला कृषि प्रधान जिला है। होंडा माता मंदिर का काम बंद पड़ा है, उसके लिए राशि उपलब्ध करवाई जाए, ताकि वह निरंतर कार्य जारी रहे।

# 35 नर्सिंग कॉलेजों की सीबीआई जांच पर शुरू हुई राजनीति

## मंत्री ने कहा :कमलनाथ सरकार ने गलत तरीके से दी इन्हें मान्यता

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश के 35 नर्सिंग कॉलेजों के फर्जीवाड़े की जांच मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने सीबीआई को सौंप दी है। जिसके बाद अब इस पर सियासत शुरू हो गई है। सीबीआई तीन महीनें में नर्सिंग कॉलेजों की जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसे लेकर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस शासन में गलत तरीके से नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई थी। कमलनाथ ने इसे लेकर पलटवार किया है। प्रदेश चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कॉलेजों की सीबीआई जांच होगी। कमलनाथ सरकार में 35 नर्सिंग कॉलेजों को मान्यता दी गई थी। भाजपा सरकार ने नर्सिंग स्ट्रक्चर को ठीक किया है। उन्हकने बताया कि कोर्ट ने जिन 35 नर्सिंग कॉलेजों की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं, उन्हें कांग्रेस शासन में गलत तरीके से मान्यता दी गई थी।विश्वास सारंग के बयान के बाद कांग्रेस ने पलटवार किया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट कर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने लिखा है कि मध्यप्रदेश में व्यापमं की तरह घोटाले जारी हैं. हर योजना में भ्रष्टाचार, हर काम में फर्जीवाडा है। हाईकोर्ट ने अब नर्सिंग कॉलेजों की गड़बड़ियों की जांच सीबीआई को सौंपी है। नर्सिंग कॉलेजों की संबद्धता और मान्यता के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा किया गया है। दोषियों पर आखिर कार्रवाई कब होगी। भ्रष्टाचारी कब गढ़ेंगे ? बता दें कि मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल ने प्रदेश में सत्र 2019-20 में 520 कालेजों को संबद्धता दी थी। और इन कॉलेजों में ग्वालियर के 35 कॉलेज भी शामिल है। नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े को लेकर न्यायालय में एक जनहित याचिका प्रस्तुत की गई थी।



## मध्य प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह ने दिया बयान

# कहा -अगर आरएसएस को आतंकवाद साबित किया तो छोड़ दूंगा राजनीति

**भोपाल, यशभारत।** PFI के खिलाफ छापेमारी और देश विरोधी गतिविधियां पाए जाने के बाद सरकार ने इस संगठन पर 5 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं पीएफआई पर बैन के खिलाफ कई नेताओं ने बयानबाजी भी सामने आई। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने आरएसएस को लेकर विवादित बयान दिया। दरअसल पीएफआई पर बैन लगने के बाद दिग्विजय सिंह ने अपने एक बयान में आरएसएस और पीएफआई की तुलना करते हुए आरएसएस पर भी बैन लगाने की मांग कर दी थी। उन्होंने कहा कि अगर पीएफआई पर बैन लग सकता है तो आरएसएस पर क्यों नहीं? साल 2018 में भी दिग्विजय सिंह ने अपने एक बयान में कहा था कि जितने भी हिंदू आतंकी सामने आए हैं, वो सब आरएसएस से जुड़े रहे हैं। लालू प्रसाद यादव ने भी पीएफआई पर बैन लगाने के सरकार के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संघ पर भी बैन लगाया जाए। संघ भी पूरे देश में हिंदू सांप्रदायिकता फैलाने का काम कर रहा है, जो पीएफआई की तरह ही है। इसलिए इसे भी बैन किया जाना चाहिए।



प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह ने कहा कि हम बचपन से स्वयंसेवक हैं और अगर कोई कहता है कि आरएसएस आतंकवादी संगठन है तो उनकी सोच को मैं प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह ने अगर आरएसएस को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की रेस में दिग्विजय सिंह के शामिल होने पर कहा कि अगर दिग्विजय सिंह अध्यक्ष बनते हैं, तो मध्य प्रदेश के साथ देश का भी बंटाधार करेंगे। कांग्रेस का अध्यक्ष बनना यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी तंज कसा। राहुल गांधी की शादी न करने वाले बयान विजय शाह ने कहा कि 50 साल तक शादी नहीं होती तो समाज में चर्चा होना लाजमी है। या तो ब्रह्मचर का पालन करें या फिर शादी ना करने की घोषणा कर दे। भोपाल पुलिस ने रोकी कांग्रेस की आदिवासी न्याय यात्रा, धार से पदयात्रा कर राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे विधायक व समर्थकपुलिस द्वारा आदिवासी न्याय यात्रा को भोपाल के लालघाटी पर रोकने के बाद कांग्रेस विधायकों पांचीलाल मेढ़ा के साथ पूर्व मंत्री सचिन यादव, सुरेन्द्र सिंह बघेल, डॉ. अशोक मर्सकोले आदि धरने पर बैठ गए।

# सीबीआई कोर्ट ने व्यापमं की आरक्षक भर्ती के पांच आरोपियों को 7-7 साल जेल की सजा

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश के व्यापमं में आरक्षक भर्ती में अपनी जगह दूसरे व्यक्ति को बैठा परीक्षा पास करने के मामले में 5 आरोपियों को सात-सात जेल की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। सीबीआई व्यापमं प्रकरण के विशेष न्यायाधीश नीति राज सिंह सिसोदिया ने गुरुवार को आरोपियों को सजा सुनाई। कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने अग्रिम विवेचना कर पूरक अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। सीबीआई के लोक अभियोजक मनुजी उपाध्याय ने बताया कि व्यापमं ने 2013 में मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। 7 अप्रैल 2013 को आयोजित परीक्षा में चार परीक्षार्थियों कमल किशोर, अमर सिंह, नागेंद्र सिंह तथा सुरेश सिंह ने अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा में बैठा कर लिखित परीक्षा पास करने दलालों से मिलीभगत कर परीक्षा पास की थी। नागेंद्र सिंह के स्थान पर रवि कुमार राजपूत ने परीक्षा दी थी। इसके बाद चारों परीक्षार्थी पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में पास हो गए थे। कोर्ट ने कुल 32 गवाहों, 220 दस्तावेजों तथा 19 आर्टिकल के आधार पर 04 परीक्षार्थियों कमल किशोर, अमर सिंह, नागेंद्र सिंह तथा सुरेश सिंह तथा एक प्रतिरूपक रवि कुमार को सजा सुनाई है। सभी को कोर्ट ने ने सात सात वर्ष कठोर कारावास तथा दस हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया है।



### त्यौहारी सीजन में लुभावने आफर्स से सावधान

# आनलाइन शापिंग वेबसाइट से संभलकर करें खरीदारी

**भोपाल ईएमएस।** नवरात्र के साथ ही त्यौहारी सीजन शुरू हो गया है। दशहरा और दीपावली तक आनलाइन और आफलाइन बाजार में जमकर खरीदारी की जाएगी। लोग अभी से इलेक्ट्रानिक सामान, मोबाइल और अन्य प्रकार गैजेट की खरीदी विभिन्न् आनलाइन शापिंग वेबसाइट से कर रहे हैं। इसी बीच शहर में पिछले 15 दिन में पांच ठगी के मामले सामने आ चुके हैं। साइबर पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि सस्ते सामान के झांसे में आकर ठगी का शिकार होने से बचने के लिए अच्छी और सर्टिफाइड आनलाइन शापिंग वेबसाइट और एप से ही सामान खरीदें।



शाहपुरा के रहने वाले 19 साल के छात्र सिद्धांत कुमार को एप्पल मोबाइल खरीदना था। वह आनलाइन वेबसाइट पर इसकी खोजबीन कर रहे थे। बीते पांच सितंबर को उन्हें एक गुमनाम सी वेबसाइट पर एप्पल 11 प्रो मैक्स मोबाइल दिखा। मोबाइल की कीमत एक लाख के करीब है, लेकिन यह साइट 39 हजार 999 रुपये में ये मोबाइल दे रही थी। उन्होंने उस वेबसाइट पर दिए गए नंबर 9521329538 पर बात की तो उसने अपनी कंपनी को गुजरात के अहमदाबाद का बताया और पूरी प्रक्रिया समझाई। फोन उसी रेट पर देने की बात तय की गई। सिद्धांत ने बताया कि आनलाइन ठगी से बचने के लिए उन्होंने कैश आन डिलीवरी पर राशि देने की बात की थी। कोरियर से जब पार्सल आया तो उन्होंने आनलाइन पूरा भुगतान कर दिया। जब पार्सल को खोला तो उसमें एप्पल के बजाय चायनीज मोबाइल निकला। यह हूबहू एप्पल जैसा था। बाद एक बार फिर उस वेबसाइट पर दिए नंबर पर बात की तो दूसरा फोन भेजने की बात कहकर कई दिन तक टरकाता रहा और फिर फोन उठना ही बंद कर दिया। अब उक्त नंबर अमान्य बता रहा है। यह मामला तो सिर्फ एक बानगी है, इसी से मिलते जुलते पांच मामले और हैं। जिनकी शिकायतें साइबर पुलिस के पास पहुंची हैं।

आनलाइन शापिंग के मामलों की जांच में सामने आया है कि सप्ताह में अंत में शनिवार और रविवार को वीकेंड के तौर पर मनाने वाले परिवार सामान और खाने के आर्डर देना पंसद करते हैं। त्योहार में आनलाइन कंपनियां कई प्रकार के आफर देती हैं। सस्ते के चक्कर में आकर लोग फंस जाते हैं।

### इस साल 78 लाख रुपये बचाए

इस साल अकेले भोपाल शहर में जनवरी 2022 से लेकर 15 अगस्त तक साइबर धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस ने 78 लाख रुपये खातों से निकलने से पहले ही रुकवाए। इसमें खास बात यह है कि बैंक खाताधारक ने धोखाधड़ी की सूचना जल्द से जल्द साइबर क्राइम को दे दी थी।

# 20 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## 'रवानगी की ओर बढ़ रहा मानसून मालवा-निमाड़ को खूब भिगोएगा

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश से रवानगी की ओर बढ़ रहा मानसून मालवा-निमाड़ को भिगोएगा। पिछले 24 घंटे में धार में हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन धार, विदिशा, झाबुआ, आलीराजपुर और बालाघाट में भी हल्की बारिश की संभावना है। 3 अक्टूबर के बाद एक बार फिर से मौसम करवट ले सकता है। 20 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। महाराष्ट्र और छत्तीसग? से सटे इलाकों में कहीं-कहीं हल्की से तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में बारिश होने की उम्मीद नहीं के बराबर है। लोकल एक्टिविटी से कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

### 48 घंटे में यहां बूंदाबांदी की संभावना

धार, अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, हरदा और नर्मदापुरम और झाबुआ।3 अक्टूबर को यहां पर यलो अलर्टबुंदेलखंड, बघेलखंड और महाकौशल के इलाकों में ज्यादा असर दिखेगा। उमरिया, अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी, कटनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरोली, छतरपुर, सागर, पन्ना, निवा?ी और दमोह में कहीं-कहीं हल्की से तेज बारिश हो सकती है।

### यहां 40 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी

मध्यप्रदेश में इस सीजन में कई इलाकों में 40 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इनमें भोपाल (70 इंच), राजगढ़ (69 इंच), गुना (65 इंच), रायसेन (64 इंच), छिंदवाड़ा (63 इंच), सीहोर (62 इंच), सिवनी (57 इंच), अगर मालवा (56 इंच), बालाघाट (56 इंच), हरदा (56 इंच), मंडला (54 इंच), देवास (54 इंच), सागर (52 इंच), नरसिंहपुर (51 इंच), शजापुर (51 इंच), जबलपुर (50 इंच), अशोक नगर (49 इंच), अनूपपुर (48 इंच), बुरहानपुर (45 इंच), नीमच (44 इंच), विदिशा (43 इंच), निवा?ी (42 इंच), पन्ना (इंच 42), उमरिया (42 इंच), इंदौन (42 इंच), खंडवा (41 इंच), मंदसौर (41 इंच), दमोह (41 इंच), श्योंपुरकलां (41 इंच) से ज्यादा बारिश हुई। मध्यप्रदेश में 1 जून से लेकर अब तक 48 इंच बारिश हो चुकी है। सामान्य 38 इंच से 23त्न ज्यादा बारिश हो चुकी है।


कालभैरव चौक सिहोरा


पुराना बस स्टैंड सिहोरा


वन विभाग रोड खितौला


आजाद चौक सिहोरा


नगर पालिका रोड सिहोरा


हरदौल मंदिर समिति सिहोरा


बाबाताल मंदिर सिहोरा

# सिहोरा में मां शक्ति दात्री के दर्शनार्थ आज से निकलेगें भक्त गण

**सिहोरा, यशभारत। शारदीय नवरात्र पर्व के चलते शक्ति दात्री मां दुर्गा की पूजा अर्चना से सारा वातावरण धार्मिक अनुष्ठानों से सराबोर हो गया है जगत जननी मां जगदंबे के दर्शनार्थ आज से भक्त गण बडी संख्या में निकलेगें श्रद्धालु भक्तजनों का सैलाब कल भी चौथ को देर रात तक सडको पर उमडता रहा।**

नगर उपनगर के सभी हिस्सों मे अष्टभुजी मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को पंडालो में विराजमान कर दिया गया है वही दुर्गोत्सव समितियों द्वारा किए जा रहे कर्ण प्रिय भजनो एंव धार्मिक मधुर गीतो की गूंज से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया है देवीमठो में भी सुबह से ही श्रद्धालू भक्तजनों द्वारा माता को जलाभिषेक करने लम्बी कतार लग जाती है ऐतिहासिक महापर्व नवरात्र की धूम नगर के कोने . कोने में भारी उत्साह के साथ शुरू हो गई है नगर के मुख्य मार्गो और गली कूचों में आकर्षक साज सज्जा वाले दुर्गा पंडालो में स्थापित माता आदिशक्ति के दर्शन करने गत रात्रि से ही श्रद्धालुओं की भीड सडको पर उमडने लगी थी। विगत वर्षो की तुलना में इस वर्ष नवरात्र महापर्व की धूम कुछ अधिक ही नजर आ रही है दुर्गोत्सव समितियों द्वारा इस बार आकर्षक झांकियों को बनाने में अथक प्रयास किए गये है। झंकार समिति बाबातालए जागरुक समितिए जयमानस समिति गढिया मोहल्लाएपुराना बस स्टेंडएशुक्ल जी की बखरीएशक्ति संस्थान एब्राह्मण पुरा सिहोरा एंव खितौला बस्तीएमहाकाली मंदिर के सामने फाटक रोड खितौलाएफाटक के पार मझगंवा रोडएमहागौरी महाकाली समिति नई बस्ती खितौला सहित अनेक समितियों द्वारा स्थापित माता महाकाली की विशाल प्रतिमाओं के सामने पहुचकर हर भक्त नतमस्तक हो जाता है। आरती के समय मानो सारा नगर एकत्र हो जाता है नगर में लगभग सभी समितियों द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जा चुकी है। आज से भक्त गण बडी संख्या में माता के दर्शन करने सडको पर रतजगा करेगे कोरोना काल के दो शाल बाद यह पहला अवसर है जब माता के भक्तों में भारी उत्साह दिख रहा है।

### डांडिया रास एंव गरबा महोत्सव आज

सिहोरा. नवरात्र के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उमंग ग्रुप द्वारा डांडिया रास एंव गरबा महोत्सव का आयोजन शाम 6ण्30 बजे से नवीन गुरुद्वारा के पास मझौली रोड कटरा मोहल्ला में किया गया है। गरबा के लिए विगत अनेक दिनो से प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा था।महोत्सव में पहुचने की अपील ग्रुप के विनय जैनए नीरज पांडेएआशीष ब्यौहारएअमित चौरसियाएराजभान पटेलएविजय जानवानीए विक्रम नौगरहियाएविजय श्रीपालएप्रदीप शर्माए वीरेन्द्र पटेल आदि ने की है।

## बेलखाडू खैरी बंघोडी झगरा बिलखरवा मे मां जगदम्बे की स्थापित प्रतिमाएं








## नवदुर्गा उत्सव पर पुलिस दल का हुआ नगर भ्रमण



**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव नगर में नव दुर्गा उत्सव के चलते शांति व सद्भाव तथा जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर गोटेगांव पुलिस थाना की पुलिस स्टाफ द्वारा सदल बल गोटेगांव नगर का पैदल भ्रमण किया गया इस अवसर पर पुलिस थाना में पदस्थ नगर निरीक्षक कमलेश चोरिया सहित सभी पुलिस स्टाफ नगर भ्रमण दल में मौजूद रहा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार पुलिस इस उत्सव को देखते हुए जनता की सुरक्षा के लिए हर कदम पर साथ में है जिसके चलते आज नगर में सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए पुलिस दलबल का नगर भ्रमण किया गया।


नगर के पुराना बस स्टैंड शारदा माता मंदिर के समीप स्थापित मातारानी की भव्य प्रतिमा।

## धूमा माता महाकाली कल होंगी विराजमान

**सिवनी धूमा, यशभारत।** धूमा नगर की देवी मां धूमावती के नाम से विख्यात उपनगरी क्षेत्र धूमा के सीतला माई महाकाली महोत्सव की तैयारियां बड़े ही हर्षोल्लास से की जा रही है वही धूमा माता महाकाली की स्थापना पंचमी के दिन बड़े धूमधाम से महाकाली माता की प्रतिमा का स्वागत बड़े ही धूमधाम से कर माता महाकाली की प्रतिमा को स्थापित किया जाता है शीतला माई माता महाकाली का दशहरा न केवल महाकौशल क्षेत्र में बल्कि पूरे मध्यप्रदेश में अपनी पहचान बनाए हुए हैं ओपन नगरी क्षेत्र धूमा के शीतला माई प्रांगण में पंचमी के दिन माता महाकाली की प्रतिमा को विराजमान किया जाता है प्रति वर्ष अनुसार माता महाकाली की प्रतिमा 18 फीट से 20 फुट ऊंची रहती है और नवरात्र के दिनों में माता महारानी महाकाली के दर्शन करने वाले लोगों की अपार भीड़ आस्था और विश्वास के चलते निरंतर बढ़ती जा रही है लोगों की मनोकामनाएं और आस्था पर विश्वास रखने वाले लोग और आस्थावान श्रद्धालु यहां बड़ी संख्या में नवरात्रि में माता महाकाली के दर्शन करने पहुंचते हैं साथ ही शरद पूर्णिमा के दिन माता महाकाली का भव्य दशहरा का कार्यक्रम करने लिए देश के कोने कोने से कलाकार यहां पहुंचते हैं और कलाकारों की कला का प्रदर्शन देखने के लिए प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु माता महाकाली की शरण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने चूकते नहीं हैं लगभग 40 साल पुराने शीतला माई महाकाली महोत्सव दशहरा का आयोजन निरंतर चला आ रहा है जहां श्रद्धालु अपनी उपस्थिति दर्ज कराने बड़ी संख्या में यहां पहुंचते हैं

## प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रदर्शनी एवं पुस्तक विमोचन



**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ जबलपुर ग्रामीण द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी एवं पुस्तक विमोचन एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओ एवं कार्यकर्ताओ का स्वागत व सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश पर्यटक निगम के अध्यक्ष विनोद गोटिया , सुभाष तिवारी रानू जी, पाटन विधायक श्री अजय विशनोई जी, श्रीमति नंदनी मरावी जी विधायक, श्री संतोष बरकड़े जी जिला पंचायत जबलपुर, आशीष दुबे जी प्रदेष मंत्री, राजकुमार पटेल महामंत्री दिनेश पटेल जिला उपाध्यक्ष आशीष पटेल, नीरज सिंह, रूपेश पटेल एवं राकेश पटेल जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ जबलपुर ग्रामीण ने सफल कार्यक्रम पर जिला के सभी कार्यकर्त्ता का आभार प्रकट किया।

## पीहू बहादुर सान्वी जैन सम्मानित



जबलपुर, यशभारत। शिवधाम दुर्गोत्सव समिति के तत्वाधान मैं शिवपार्क कचनार सिटी मैं नृत्य प्रतियोगिता मैं विभिन्न प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें ग्रुप् मैं प्रथम पीहू बहादुर एवं ग्रुप क्रमैं प्रथम सानवी जैन रही सभी प्रतियोगियों ने बहुत सुन्दर प्रस्तुति दी मुख्य अतिथि के रूप मैं वार्ड की पार्षद श्री मति अर्चना सिसोधीया जी उपस्थित थीं कार्यक्रम की आयोजक सोनम जैन एवं अंजलि जैन।

## पुरस्कार वितरण एवं कवि सम्मेलन आयोजित

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय द्वारा 14 से 29 सितंबर तक आयोजित राजभाषा पखवाडे का समापन समारोह को महाप्रबंधक, सुधीर कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सतपुडा रेलवे क्लब, जबलपुर में उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन तथा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में महाप्रबंधक, सुधीर कुमार गुप्ता ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हम हिंदी दिवस की 73वीं वर्षगांठ बडे हर्षोल्लास से मना रहे हैं। इस 73 वर्षो की अपनी यात्रा में हिंदी भाषा ने स्वाधीनता संग्राम से लेकर आज तक इस देश के सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है।उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा ने न केवल भारतीय भाषाओं से बल्कि विदेशी भाषाओं से भी शब्दों को लेकर अपने आप को समृद्ध किया है। आज हिंदी अधिकृत रूप से बोली एवं लिखी जानेवाली विश्व की तीसरे नंबर की भाषा बन गई है।उन्होंने कहा कि यह वर्ष पश्चिम मध्य रेल के लिए उल्लेखनीय रहा है. उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से रेल संचालन में पश्चिम मध्य रेल को पंडित गोविंद वल्लभ पंत समग्र दक्षता शील्ड के साथ चार अन्य महत्वपूर्ण शील्डें भी प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि राजभाषा के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेल के एक अधिकारी को रेल मंत्री राजभाषा पदक प्राप्त हुआ है. रेल मंत्रालय की मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना के अंतर्गत तकनीकी, गद्य एवं पद्य विधाओं में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. साथ ही एक अधिकारी एवं तीन कर्मचारियों को रेलवे बोर्ड का व्यक्तिगत राजभाषा पुरस्कार प्राप्त हुआ हैं।



### महाप्रबंधक ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी

इस समारोह में रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव जी की ओर से हिंदी दिसव के अवसर पर जारी संदेश का वाचन अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री शोभन चौधुरी द्वारा किया गया। माननीय रेल मंत्री ने अपने संदेश के माध्यम से सभी रेल कर्मचारियों को हिंदी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी देश के समग्र विकास में मातृभाषा का बहुत योगदान होता है। हमारा देश बहुभाषी देश है जहां अनेक विकसीत एवं समृद्ध भाषाएं हैं। हिंदी भाषा इन सभी भाषाओं के बीच संपर्क की भूमिका निभा रही है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर समस्त रेल परिवार यह संकल्प ले कि वे पूरे उत्साह, लगन और गर्व के साथ हिंदी में कार्य करेंगे।

### हिंदी को दैनिक कार्यशैली में अपनाने वाले रेलवे में पुरस्कृत



जबलपुर रेल मंडल में हिंदी राजभाषा पखवा? के अंतिम दिन हास्य कवि सम्मलेन एवं पुरस्कार वितरण आयोजित हुआ. इस अवसर पर समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रजवल्लन के साथ हुआ. राजभाषा पखवा? के अंतर्गत जबलपुर रेल मंडल में डी.आर.एम. संजय विश्वास एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) अमितोज बल्लभ के निदेशानुसार राजभाषा अधिकारी स्वप्निल पाटिल के कुशल नेतृत्व में राजभाषा पखवा? की शुरआत हिंदी स्लोगन एवं हिंदी शुद्ध-लेखन प्रतियोगिता से हुई थी जिसके समापन अवसर पर मंडल के 10 अधिकारियो एवं 87 कर्मचारियों को हिंदी का सर्वाधिक उपयोग करने पर प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया. समापन समारोह में हिंदी के हास्य कवियों का श्री विश्वास ने शाल श्री फल से सम्मान करके मंडल में राजभाषा की प्रगति का विवरण दिया. इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता भी मौजूद थे.

## तीन रुपों में दर्शन देती है मां भगवती

**नरसिंहपुर यभाप्र।** शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु जन अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की भक्ति में लीन बनें हुए हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर व्रत रखकर मातारानी की साधना कर रहे है। वहीं तेंदूखेड़ा क्षेत्र का सबसे प्राचीन सिद्ध हरसिद्धि मंदिर में सुबह चार बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां हरसिद्धि को जल चढ़ाने के लिए कतार वद्ध हो जाते हैं। शाम के समय भी आरती में दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। जनास्था के केंद्र बनें इस मंदिर में विराजमान मां हरसिद्धि देवी दिन में अपने तीन रुपों में दर्शन दिया करती हैं प्रात:काल बाल दोपहर में युवा और शाम को वृद्ध स्वरुप में दर्शन होते है। उनके हिसाब से ही चेहरा स्पष्ट झलकता है।वैसे तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं लेकिन चेत्रीय और शारदीय नवरात्र में मां हरसिद्धि देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में सपरिवार पहुंचा करते हैं। सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूर्ण होने के कारण लोगों की आस्था बनी हुई है, तथा नवरात्रि में पूजन के लिए श्रद्धालुजन दूर-दूर से यहां आकर पूजन अर्चन किया करते है मंदिर के इतिहास के बारे में पुराने लोग बताते हैं कि यह मंदिर लगभग 150 वर्ष पुराना है। किसी विश्वकर्मा श्रद्धालु द्वारा इसे बनवाया था। सागर जिले की रानगिर और इस मंदिर में विराजमान हरसिद्धि देवी एक स्वरुप में है। नगर के बाहर घने जंगल के बीच इस मंदिर को बनाया था। अधिक जंगल होने के कारण जंगली जानवरों का भी यहां पर डेरा बना रहता था। बाजू से बहने वाली नदी में वर्ष भर पानी रहने के कारण पानी पीने मंदिर के इर्द गिर्द जानवर घूमते नजर आते थे। घनघोरता और जानवरों के भय से लोग अकेले नहीं आ पाते थे। लेकिन शनै शनै कटते जंगलों के कारण जहां जानवर भी भाग निकले वहीं अब मंदिर परिसर ने विशाल स्वरुप धारण कर लिया है श्रद्धालु जनों के सहयोग से विशाल मंदिर बन गया है।वैसे तो वर्ष भर तरह-तरह के अनुष्ठान पूजन कार्यक्रम यहां पर चलते रहते हैं लेकिन नवरात्रि में विशेष साधना मंदिर परिसर में संपन्न हुआ करती हैं। अखंड ज्योति के साथ दुर्गा पाठ परिसर में जवारे कलश तथा दुर्गा प्रतिमा भी विराजमान की जाती है। मंदिर की विशेष साज-सज्जा भी की गई है। यह मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग के बीचों-बीच तेंदूखेड़ा में स्थित है। मंदिर के रसिक पुजारी ने बताया कि काफी लंबे समय से यहां पर पूजन करते चले आ रहे हैं। प्रात काल जल चढ़ाने वालों की लंबी लंबी कतारें लगा करती है, रात्रि में आरती और दर्शन के लिए श्रद्धालुजन आते हैं।

## कर्मचारियों के आन्दोलन का पहला चरण दो अक्टूबर को

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि राष्ट्रपिता महात्मागांधी की प्रतिमा के सामने दो अक्टूबर को आन्दोलन के पहले चरण में 12 बजे से 2 बजे तक उपवास कर ज्ञापन दिया जाएगा। लिपिकों की वेतन विसंगती रमेश चंद्रशर्मा आयोग की अनुसंसा के अनुसार सुधारी नहीं गई है, पुरानी पेसन दी जावे, पदोन्नती चालू की जावे मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना लागू की जाये, जीवन बीमा योजना की राषि 2 सौ के स्थान पर 5 सौ काटे जावें। सातवें वेतनामन के

### राष्ट्रपिता महत्मागांधी की प्रतिमा के सामने करेंगे उपवास

अनुसार आवास भत्ता दिया जावे, कार्यभारित स्थापना बंद की जावे, भृत्य का पद नाम बदला जावे, रिक्त पद में अनुकम्पा नियुक्ति आदि 17 सूत्रीय मांगों पर आदेष जारी नहीं किये जा रहे है। संपूर्ण मध्यप्रदेश में दो अक्टूबर को एक साथ आन्दोलन का शुभारंभ किया जावेगा मांगो का निराकरण करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह द्वारा मुख्यसचिव मध्य प्रदेश शासन को माँग पत्र देकर आन्दोलन की चेतावनी दी गई है। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जबलपुर संरक्षक योगेन्द्र दुबे, विश्वदीप पटैरिया, नरेश शुक्ला, प्रशांत सोधिया, संतोष मिश्रा, देव दोनेरिया, रविकांत दहायत, प्रदीप पटैल, योगेश चौधरी, मुकेश चतुर्वेदी, मुकेष मरकाम, अजुर्न सोमवंसी, योगेन्द्र मिश्रा, अजय दुबे, नरेन्द्र सैन, संदीप नेमा, सुरेन्द्र जैन, गोविन्द विल्थरे, रविबांगड, पी एल गौतम ने प्रदेश शासन से समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्त 17 सूत्रीय मांगो पर आदेश जारी करने की मांग की है।

## कब बढेगी समूह बीमा कटौती राशि?

**जबलपुर,यशभारत।** म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की पिछले 16 वर्षो से राज्य कर्मचारियों / अधिकारियों की समूह बीमा योजना अंतर्गत वेतन से जो राशि काटी जा रही है वो इस प्रकार है चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का 100 रूपए तृतीय श्रेणी कर्मचारियों का 200 द्वितीय श्रेणी अधिकारी 400 एवं प्रथम श्रेणी अधिकारियों का 600 रूपए है। जबकि पिछले 1 वर्षों में कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन लगभग दो गुना हो गया है किन्तु बीमा राशि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।राज्य कर्मचारियो / अधिकारियों को 2016 से सातवें वेतनमान दिया जा रहा है किन्तु समूह बीमा राशि पांचवें वेतनमान से काटी जा रही है। ऐसी स्थिति में यदि सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित परिवार को मात्र 2.5 लाख रुपये बीमा राशि ही मिल पाती है जो वर्तमान मे बढ़ती मंहगाई को देखते हुए बहुत कम है। संघ के योगेन्द्र दुबे अर्वेन्द्र राजपूत अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय मुकेश सिंह मन्सूर बेग आलोक अग्निहोत्री योगेन्द्र मिश्रा दुर्गेश पाण्डेय आदि ने मुख्य सचिव म.प्र.शासन से मांग की है कि तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की समूह बीमा योजना अंतर्गत काटी जानी वाली राशि सातवें वेतनमान के अनुरूप रू 500 प्रतिमाह की जावे ताकि कर्मचारी के साथ अनहोनी दुर्घटना की स्थिति में आश्रित परिवार के सदस्यों को एक सम्मानजनक राशि प्राप्त हो सके।

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए लगाई चौपालें

जबलपुर यशभारत।श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार क्षेत्रीय निदेशालय, दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड जबलपुर द्वारा दो श्रमिक चौपालो का आयोजन लेबर चौक, मेहता पेट्रोल पंप के पास एवं गुलौआ चौक , गढ़ा, में 28 एवं 29 सितंबर को किया गया। जिसमें असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रम कल्याणकारी योजनाओं ई श्रमिक कार्ड, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना आदि की जानकारी विभाग द्वारा प्रदान की गई साथ ही समस्त योजनाओं की जानकारी हेतु संबंधी प्रपत्र भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारी अम्बरीष गर्ग के नेतृत्व में सारथी संस्था ने श्रमिको का पंजीयन किया।श्रमिक चौपाल को सफल बनाने में सारथी एन जी ओ के सचिव संजय सोनी एवं आलोक सप्रे का सहयोग रहा। उपस्थित श्रमिकों ने इस तरह के कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी व लाभदायक बताया।

## सहायक शिक्षकों, शिक्षकों एवं हेडमास्टरों की हो रही उपेक्षा

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने सहायक शिक्षकों, शिक्षकों एवं हेडमास्टरों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षकों की लगातार उपेक्षा की जा रही है क्योंकि ये सभी विभाग में लगभग 35 से 40 वर्षों से अपनी सेवा देते आ रहे हैं परंतु आज दिनांक तक इन्हे किसी भी प्रकार की पदनाम पदोन्नति नहीं दी गयी। घोषणाएं तो कई बार हुई और फाइलें भी इस दफ्तर से उस दफ्तर दौ?ती रहीं परंतु किसी भी प्रकार के आदेश जारी नहीं किए गए जिससे षिक्षकों में रोष व्याप्त है।

संघ ने आगे बताया कि ये सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं हेडमास्टर वरिष्ता एवं योग्यता दोनो ही रखते है और ये सभी व्याख्याता और प्राचार्यो का वेतनमान पा रहे हैं फिर भी इन्हे शासन के द्वारा वरिष्ता, योग्यता और वेतनमान के अनुसार पदनाम पदोन्नति नहीं दी जा रही। संघ के शहीर मुमताज, स्टेनली नॉबर्ट, हेमंत ठाकरे, जिर्याउरहीम, दिनेष गौड़, राकेश श्रीवास, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, गुडविन चार्ल्स, प्रदीप पटेल, राजकुमार यादव, रवि जैन, आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि सहायक शिक्षकों, शिक्षकों एवं हेडमास्टरों को उनकी योग्यता एवं वरिष्ता के अनुसार पदनाम पदोन्नति दी जाए।

## आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने छात्र हित में हड़ताल स्थगित




**जबलपुर, यशभारत।** अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर 13 सितंबर के भोपाल में हुए आंदोलन और उसके बाद लगातार मध्यप्रदेश के सभी जिलों में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल धरना प्रदर्शन कल शाम को प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए स्तगित कर दिया गया है। भरत पटेल ने जबलपुर गांधी भवन टाउन हॉल में सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि हम छात्र हित को देखते हुए एवं परीक्षाओं को देखते हुए हड़ताल वापस ले रहे हैं।हमें बच्चों का भविष्य खराब नहीं करना है लेकिन उम्मीद है कि शासन हम शिक्षकों की भविष्य की चिंता करेगी। इस बीच प्रांताध्यक्ष भरत पटेल अभी भी आमरण अनशन पर हैं और उनका स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। भरत पटेल ने आगे बताया कि मध्य प्रदेश के अध्यापक संवर्ग को पुरानी पेंशन लागू होने ,क्रमोन्नति , समानमान वेतनमान का लाभ , ग्रेच्युटी एवं अन्य लंबित मांगों के निराकरण तक सतत आमरण अनशन पर रहेंगे। साथ ही मध्यप्रदेश में निलंबित साथियों के बहाली होने तक आमरण अनशन पर रहेंगे। भरत पटेल ने कहा कि सभी शिक्षक साथी कल से स्कूल जाएं ,निलंबित साथी धरना देंगे और स्कूल जाने वाले अध्यापक स्वैच्छिक रूप से अवकाश लेकर एवं शाला समय के बाद ब्लॉक स्तर पर ,जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करते रहें जब तक कि हमारी मांगों का निराकरण न हो जाए। संघ के प्रतिनिधिमंडल की भोपाल में शासन - प्रशासन के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों से वार्ता जारी है। आज जबलपुर में अनेक जिलों के पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# 36वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज

## पीएम मोदी ने कहा - देश का सबसे बड़ा खेल उत्सव

अहमदाबाद, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे बड़े स्टेडियम, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 36वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, विश्व का सबसे बड़ा स्टेडियम, विश्व का इतना युवा देश, और देश का सबसे बड़ा खेल उत्सव! जब आयोजन इतना अद्भुत और अद्वितीय हो, तो उसकी ऊर्जा ऐसी ही असाधारण होगी। गुजरात में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हो रहा है। इस मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे। आपको बता दें कि 29 सितंबर से 12 अक्टूबर 2022 तक नेशनल गेम्स आयोजित किया जाएगा। देश भर के लगभग 15,000 खिलाड़ी, कोच और अधिकारी 36 खेलों में भाग लेंगे, और यह अब तक का सबसे बड़ा राष्ट्रीय खेल आयोजन होगा।





### पीएम मोदी के संबोधन की अहम बातें

विश्व का सबसे बड़ा स्टेडियम, विश्व का इतना युवा देश, और देश का सबसे बड़ा खेल उत्सव, जब आयोजन इतना अद्भुत और अद्वितीय हो, तो उसकी ऊर्जा ऐसी ही असाधारण होगी। ये गुजरात का सामर्थ्य है, यहां के लोगों का सामर्थ्य है। कल अहमदाबाद में जिस तरह का शानदार, भव्य ड्रोन शो हुआ, वो देखकर तो हर कोई अचंभित है, गर्व से भरा हुआ है। टेक्नोलॉजी का ऐसा सधा हुआ इस्तेमाल, ड्रोन की तरह ही गुजरात को, भारत को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। इस समय नवरात्रि का पावन अवसर भी चल रहा है। गुजरात में मां दुर्गा की उपासना से लेकर गरबा तक, यहां की अपनी अलग ही पहचान है। जो खिलाड़ी दूसरे राज्यों से आए हैं, उनसे कहूंगा कि खेल के साथ ही यहां नवरात्रि आयोजन का भी आनंद जरूर लीजिये। खेल के मैदान में खिलाड़ियों की जीत और उनका दमदार प्रदर्शन, अन्य क्षेत्रों में देश की जीत का भी रास्ता बनाता है। स्पोर्ट्स की सॉफ्ट पावर, देश की पहचान और देश की छवि को कई गुना ज्यादा बेहतर बना देती है। मैं स्पोर्ट्स के साथियों को अक्सर कहता हूँ- आपने जिस क्षण शुरुआत कर दी, उसी क्षण सफलता की शुरुआत भी हो गई। आज हमारे युवा हर खेल में नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और अपने ही रिकॉर्ड ब्रेक भी करते जा रहे हैं। आज फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे प्रयास एक जन-आंदोलन बन गए हैं। इसीलिए, आज खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संसाधन भी दिए जा रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा अवसर भी मिल रहे हैं। पिछले 8 वर्षों में देश का खेल बजट करीब 70 प्रतिशत बढ़ा है। हमने युवाओं में उनके सपनों का भरोसा जगाया। देश अब केवल योजनाएं ही नहीं बनाता, बल्कि अपने युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। हमने स्पोर्ट्स स्पिरिट के साथ स्पोर्ट्स के लिए काम किया। ञ्ह्क्क-जैसी योजनाओं के जरिए वर्षों तक मिशन मोड में तैयारी की। आज बड़े-बड़े खिलाड़ियों की सफलता से लेकर नए खिलाड़ियों के भविष्य निर्माण तक, ञ्ह्क्क-एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। पहले भारत के खिलाड़ी 20-25 खेलों को खेलने ही जाते थे। अब भारत के खिलाड़ी करीब 40 अलग-अलग खेलों में हिस्सा लेने जाते हैं। 8 साल पहले तक भारत के खिलाड़ी, सौ से भी कम इंटरनेशनल इवेंट्स में हिस्सा लेते थे। अब भारत के खिलाड़ी 300 से भी ज्यादा इंटरनेशनल इवेंट्स में शामिल होते हैं।

# कल से एशिया कप 2022 का आगाज

## भारत का शेड्यूल, मैच टाइमिंग और लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल्स



नई दिल्ली ,ईएमएस। वुमेंस एशिया कप 2022 का आगाज 1 अक्टूबर से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का आगाज मेजबान बांग्लादेश थाइलैंड के खिलाफ मुकाबला खेलकर करेगी। वहीं हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी। इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और थाइलैंड के अलावा पाकिस्तान, मलेशिया और यूएई की टीमें हिस्सा ले रही है। एशिया कप 2022 राउंड रॉबिन के आधार पर खेला जाएगा जिसका मतलब यह है कि सभी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ कम से कम एक मुकाबला खेलना होगा। प्वाइंट्स टेबल की टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। 13 अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे, वहीं 15 अक्टूबर को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेल जाएगा। बात टीम इंडिया के शेड्यूल की करें तो श्रीलंका के खिलाफ 1 अक्टूबर को मैच खेलने के बाद भारत को 3 अक्टूबर को मलेशिया से तो 4 अक्टूबर को यूएई से भिड़ना है। इसके बाद टीम इंडिया वो मुकाबला खेलेगी जिसका इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं। 7 अक्टूबर को भारत चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगी। टीम अन्य दो मैच 8 और 10 अक्टूबर को क्रमशः बांग्लादेश व थाइलैंड के खिलाफ खेलेगी। भारत के सभी मैच दोपहर 1 बजे शुरू होंगे।

### एशिया कप 2022 में टीम इंडिया का शेड्यूल और टाइमिंग

1 अक्टूबर - भारत बनाम श्रीलंका, दोपहर 1 बजे
3 अक्टूबर - भारत बनाम मलेशिया, दोपहर 1 बजे
4 अक्टूबर - भारत बनाम यूएई, दोपहर 1 बजे
7 अक्टूबर - भारत बनाम पाकिस्तान, दोपहर 1 बजे
8 अक्टूबर - भारत बनाम बांग्लादेश, दोपहर 1 बजे
10 अक्टूबर - भारत बनाम थाईलैंड, दोपहर 1 बजे

### एशिया कप 2022 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, सबबिनेनी मेघना, ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, दयालन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, के.पी. नवगीर रिजर्व खिलाड़ीः तानिया सपना भाटिया, सिमरन दिल बहादुर

### वुमेंस एशिया कप 2022 लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल

महिला एशिया कप 2022 के सभी मैचों का लुत्फ आप स्टार स्पोर्ट्स के विभिन्न नेटवर्क्स पर उठा सकते हैं। वहीं मोबाइल या लैपटॉप पर इन मैचों को देखने के लिए आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर लॉगिन कर सकते हैं।

### एशिया कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का इतिहास

वुमेंस एशिया कप का पहला संस्करण 2004 में वनडे प्रारूप में खेला गया था। श्रीलंका में आयोजित इस टूर्नामेंट को टीम इंडिया जीतने में सफल रही थी। इसके बाद अगले तीन साल और एशिया कप वनडे फॉर्मेट में खेला गया। 2012 में पहली बार इस टूर्नामेंट को टी20 प्रारूप में खेला गया। अभी तक कुल 7 बार इस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ है जिसमें 6 बार टीम इंडिया जीत दर्ज करने में कामयाब रही है। 2018 में बड़ा उलटफेर करते हुए बांग्लादेश ने भारत को फाइनल में हराते हुए यह खिताब जीता था।



# दीपिका पादुकोण के साथ रिश्ते में आ गई दरार?

## रणवीर सिंह ने बताया दोनों के बीच के रिलेशनशिप का सच

नई दिल्ली। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलीवुड के फेवरेट कपल्स में से एक हैं। दोनों ने लंबे रिलेशनशिप के बाद शादी की थी। शादी के बाद भी दोनों का प्यार और रोमांस जारी है। हालांकि हाल ही में कुछ ऐसी बात सामने आई जिसे सुनकर दोनों के फैंस परेशान हो गए। वो बात ये है कि ऐसा कहा जा रहा था कि दीपिका और रणवीर के रिश्ते में सब कुछ ठीक नहीं है। दोनों के बीच कुछ दिक्कतें आ रही हैं और ये सब तब सामने आया जब एक ट्वीट वायरल हुआ जिसमे लिखा था कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के बीच सब ठीक नहीं है।

**क्या है मामला-** यह ट्वीट तेजी से वायरल होने लगा और फैंस भी इससे परेशान होने लगे। सभी इस पर ट्वीट करने लगे कि क्या ऐसा सच में हैं। लेकिन इन सबके बीच रणवीर सिंह ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान ऐसा कुछ कहा कि ये खबर फेक हो गई। दरअसल, एक इवेंट के दौरान रणवीर से दीपिका के साथ उनके रिलेशनशिप के बारे में पूछा और उन्होंने जो कहा उसे सुनकर फैंस खुश हो गए।

**रणवीर क्या बोले-** रणवीर ने कहा, नजर ना लगे। हम मिले और साल 2012 में हमने एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया तो 2022 में हमें साथ में 10 साल हो गए हैं।

**दीपिका के साथ काम करेंगे रणवीर-** इसके बाद जब रणवीर से दीपका के साथ काम करने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, च्मैं दीपिका की बहुत रिस्पेक्ट करता हूं और उसे काफी पसंद भी करता हूं। मैंने दीपिका से बहुत कुछ सीखा है, पर्सनल लाइफ में भी। सबके लिए एक प्यारा सा सरप्राइज है। आप सब हमें फिर एक बार साथ देखेंगे। दीपिका मेरी लाइफ में सबसे अच्छी चीज हैं और उनका मेरी जिंदगी में होना, इसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। वैसे बता दें कि हाल ही में खबर आई कि दीपिका की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। एक्ट्रेस के कई टेस्ट हुए। हालांकि इसके आगे दीपिका या उनकी टीम की तरफ से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है।

**अपकमिंग फिल्में-** दीपिका की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वह पठान, फाइटर और प्रोजेक्ट के में नजर आने वाली हैं। पठान में वह शाहरुख खान, जॉन अब्राहम के साथ नजर आएंगी। तो फाइटर में ऋतिक रोशन और प्रोजेक्ट के में वह प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। वहीं रणवीर सिंह की बात करें तो वह रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और सर्कस में नजर आएंगे।

# करण जौहर से पूछा तापसी पन्नू को क्यों नहीं बुलाया शो पर?





नई दिल्ली, ईएमएस। करण जौहर के पॉपुलर शो कॉफी विद करण को काफी पसंद किया जाता है। इस बार का सीजन काफी मजेदार रहा है। अब शो का लास्ट सेगमेंट शूट हुआ जिसमे सोशल मीडिया स्टार ज्यूरी बनकर आए और उन्होंने करण से पूरे सीजन को लेकर सवाल किए। इस लिस्ट में तन्मय भट्ट, दानिश सेट और निहारिका एनएम शामिल थे। चारों ने करण से पूरे सीजन को लेकर बात की और इस दौरान उनसे कई सवाल पूछे। इस दौरान करण से पूछा गया कि उन्होंने इस सीजन में क्रिटिकली बेस्ट एक्टर और परफॉर्मर जैसे तापसी पन्नू को क्यों नहीं बुलाया?

### करण क्या बोले

इस पर करण ने कहा, ये सिर्फ 12 एपिसोड का शो था। आपको एक कॉम्पबिनेशन चाहिए होता है। तापसी से बस ये कहना चाहता हू कि आपको पता है कि मैं आपसे कब रिक्वेस्ट कर सकता हूं और अपने शो में बुलाना चाहता हूं। हम एक एक्साइटिंग कॉम्बिनेशन पर काम करेंगे और अगर वह मना कर देंगी तो मुझे बुरा लगेगा।

### जाह्नवी को लेकर बोले करण

इस दौरान करण से यह भी पूछा गया कि जाह्नवी कपूर और सारा अली खान वाले एपिसोड में वह जाह्नवी का ज्यादा फेवर कर रहे थे। बता दें कि इस एपिसोड के बाद करण को काफी ट्रोल किया गया था। करण पर जाह्नवी को ओवर सपोर्ट करने का आरोप लगाया था। तो जब ज्यूरी ने इस बारे में करण से सवाल किया तो उन्होंने इस बात को मना नहीं किया, लेकिन अपने डिफेंस में उन्होंने कहा कि हां क्या आप जानते हैं कि जान्हवी के पास कॉफी हैम्पर मोमेंट जीतने का अपना ही पल था जो दुर्भाग्य से बर्बाद हो गया, शो के क्रू मेंबर्स की गलती के कारण? करण ने अपनी बात को साबित करने के लिए एपिसोड का एक एवी भी दिखाया।

# Ponniyin Selvan के साथ विक्रम वेधा के क्लैश से नहीं डर रहे ऋतिक रोशन, बेखौफ दिया ये बयान





,नई दिल्ली,ईएमएस। ऋतिक रोशन और सैफ अली खाना की फिल्म विक्रम वेधा रिलीजा के लिए तैयार है। ऋतिक और सैफ की यह फिल्म, तमिल फिल्म विक्रम वेधा का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म को पुष्कर और गायत्री डायरेक्ट कर रहे हैं जिन्होंने ओरिजनल फिल्म को भी डायरेक्ट किया था। हालांकि इस फिल्म का एक बड़ी फिल्म पोन्नियिन सेलवन के साथ बॉक्स ऑफिस क्लैश है। दोनों ही फिल्में एक साथ रिलीज हो रही हैं और दोनों ही बड़े स्टार्स की फिल्में हैं। बॉक्स ऑफिस क्लैश जब होता है तो एक फिल्म को फायदा होता है या फिर दोनों ही फिल्मों को नुकसान।

### क्लैश पर क्या बोले डायरेक्टर

तो हाल ही में विक्रम वेधा के प्रमोशन के दौरान डायरेक्टर और ऋतिक से जब इस क्लैश के बारे में पूछा तो जानें इस पर उन्होंने क्या कहा। विक्रम वेधा का पोन्नियिन सेलवन के साथ क्लैश पर डायरेक्टर पुष्कर ने कहा, पोन्नियिन सेलवन एक क्लासिक फिल्म है। आप उसे तो नहीं हरा सकते। वो एक सिक्स वॉल्यूम की बुक थी जिसे मैंने पढ़ा था तमिल में काफी समय पहले। उसे पढ़कर चेन्नई का हर राइटर इंस्पायर होगा। मतलब मैं यही कहना चाहूंगा कि हमने अपना पार्ट किया है और उन्होंने अपना। मुझे उम्मीद है कि दर्शक दोनों फिल्मों को देखने जाएंगे। मैं तो जरूर पोन्नियिन सेलवन को देखने जाऊंगा।

### ऋतिक-सैफ का बयान

वहीं ऋतिक ने कहा, मैंने बुक नहीं पढ़ी है। तो मेरे लिए सिर्फ विक्रम वेधा ही जरूरी है।ज्वहीं सैफ अली खान ने अपने डायरेक्टर की बात पर हामी भरी और कहा कि हां दोनों ही फिल्में देखें।

# म्यूजिक वीडियो किलर हसीना रिलीज



मुम्बई, एजेंसी। टी-सीरीज़ द्वारा निर्मित म्यूजिक वीडियो किलर हसीना रिलीज कर दिया गया है। वायु और दीक्षा सी द्वारा लिखित और अर्जुन कानूनगो द्वारा रचित, इस ट्रैक को आदिल शेख ने निर्देशित और कोरियोग्राफ किया है। यह डांस ट्रैक बहुत ही मॉडर्न और यूनिक साउंड स्पेस के साथ बनाया गया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में तुलसी कुमार और अर्जुन कानूनगो नजर आएंगे। इस म्यूजिक वीडियो में संगीतप्रेमियों को इन दोनों ही कलाकारों के बीच दमदार केमेस्ट्री देखने को मिलेगी। किलर हसीना दर्शकों को साउंड और विजुअल दोनों के मामले में कुछ अलग और विशिष्ट लाता है। यह गाना अब टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। निर्देशक आदिल शेख कहते हैं, किलर हसीना के संगीत वीडियो में बहुत गहरा, पेचीदा और गॉथिक वाइब है और लोग तुलसी कुमार और अर्जुन कानूनगो दोनों को इन किरदारों को देखकर वाकई हैरान होने वाले हैं। उन्होंने चुनौती के लिए कदम बढ़ाया और संगीत वीडियो को स्तरीय स्वरूप प्रदान किया है। यह उनके प्रशंसकों के लिए एक निश्चित शॉट ट्रीट है। बकौल तुलसी कुमार किलर हसीना से मुझे काफी उम्मीद है। मेरे और अर्जुन कानूनगो के एक साथ आने के लिए किलर हसीना से बेहतर कोई ट्रैक नहीं हो सकता था।

# माता रानी के जयकारों से गूंज उठा अरुणोदय -यशभारत





कार्यक्रम में मौजूद आईजी उमेश जोगा, डीआईजी आर.आर. परिहार, आशीष शुक्ला व पंकज दुबे



# लोकायुक्त ने एएसआई को 5 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

## राजीनामा करवाने मांग रहा था रुपये

जबलपुर, यशभारत । थाना सिविल लाइन में पदस्थ एएसआई प्रकाश राजेरिया को आज लोकायुक्त की टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। एएसआई एक प्रकरण में राजीनामा करवाने के लिए पीड़ित से रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसके बाद पीड़ित ने लोकायुक्त से शिकायत की। जिसके बाद अलर्ट लोकायुक्त ने रंग लगे हुए नोटों के साथ एएसआई को दबोच लिया। जानकारी अनुसार अनिल फु लेरिया आवेदक ने एसपी लोकायुक्त उज्जैन को शिकायत की थी कि उस पर दर्ज एफआईआर में चालान पेश करने और सामने वाले पक्ष से राजीनामा करा कर मामला खत्म करने के एवज में एएसआई प्रकाश राजोरिया 5 हजार रिश्वत की मांग कर रहा है। थाना सिविल लाइन में यह मामला एएसआई प्रकाश राजोरिया के पास विवेचना में था । जिसके बाद सहायक उपनिरीक्षक ने रिश्वत के पांच हजार लेकर आवेदक अनिल फु लरिया को देवास बुलाया। देवी जी की पहाड़ी के पीछे की ओर पुलिस लाइन के पास उससे 5000 लेकर अपने पास रख लिए। तभी इशारा पाकर आसपास तैनात लोकायुक्त की टीम ने आरोपी प्रकाश राजोरिया को पकड़ लिया। थाना सिविल लाइंस देवास में कार्यवाही जारी है।




# शारदेय नवरात्र पर यश भारत परिवार ने आयोजित की माता की चौकी , भक्ति भाव में डूबे रहे श्रोता

**जबलपुर, यश भारत ।** ज्योत जागे सारी रात भजन के साथ शुरू हुई माता की चौकी देर रात तक श्रोताओं को भक्ति भाव में गोते लगवाती रही । मां नर्मदा म्यूजिकल ग्रुप के सदस्यों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई, जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध रहे । मौका था शारदीय नवरात्र के मौके पर आयोजित अरुणोदय यशभारत चौक पर माता की चौकी का । जहां आम जनों के साथ-साथ बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन मौजूद रहे। जिन्होंने मधुर संगीत पर माता रानी की आराधना की । कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि आईजी जबलपुर रेंज उमेश जोगा और डीआईजी आरआर सिंह परिहार मौजूद रहे । साथ ही पाटन विधायक अजय विश्नोई ,कैंट विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ,नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की भी मौजूदगी रही।



## देर रात तक चला भजनों का दौर

मां नर्मदा म्यूजिकल ग्रुप गुण गायक मनोज चौरसिया विष्णु सोनी, अनुश्री मिश्रा द्वारा देर रात तक जोत जागे सारी रात,तोरे लाने मैया लाये चुनरिया तोरे लाने, मैंने तुम्हरे भरोसे रेवा माई, जैसे शानदार भजनों की प्रस्तुति दी । कार्यक्रम के द्वारान कृष्ण लीला की प्रस्तुति आकर्षक का केंद्र रही। वृन्दावन की कुंज गली में, नजर न लग जाये,होली खेले गिरधरी,ले डारे प्राण,पंखीढा जैसे भजनों में राधा कृष्ण ने की शानदार प्रस्तुति हुई। माता की चौकी के दौरान माता महाकाली की साक्षात झांकी मैं सभी को अपनी ओर आकर्षित किया और श्रोताओं द्वारा प्रस्तुति की जमकर सराहना की गई।

## यह रहे मौजूद

माता की चौकी के दौरान यश भारत संस्थापक आशीष शुक्ला ,डॉ रश्मि शुक्ला ,वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष दुबे वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतीश उपाध्याय ,कमलेश रावत अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मधु यादव ,सीएसपी आरडी भारद्वाज ,सीएसपी प्रभात शुक्ला ,टीआई मधुर पटेरिया ,डॉ राजेश पटेल, डॉ दीप्ति पटेलख पंकज दुबे सोनू बचवानी , पाषद 'सोनिया रंजीत सिंह, अभिषेक शुक्ला मां दुर्गा परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे जिन्होंने आयोजन में महत्वपूर्ण सहभागिता ।

## मां स्कंदमाता



नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गाजी के पांचवें स्वरुप मां स्कंदमाता की आराधना की जाती है। इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित होता है। भगवान स्कंद( कार्तिकेय )की माता होने के कारण देवी के इस पांचवें स्वरुप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाने जाते हैं। ये प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्तिधर कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है ,इनका वाहन मयूर है। स्कंदमाता के विग्रह में भगवान स्कंदजी बालरूप में इनकी गोद में बैठे हुए हैं। शास्त्रानुसार सिंह पर सवार स्कन्दमातृस्वरूपणी देवी की चार भुजाएं हैं, जिसमें देवी अपनी ऊपर वाली दांयी भुजा में बाल कार्तिकेय को गोद में उठाए उठाए हुए हैं और नीचे वाली दांयी भुजा में कमल पुष्प लिए हुए हैं ऊपर वाली बाईं भुजा से इन्होंने जगत तारण वरद मुद्रा बना रखी है व नीचे वाली बाईं भुजा में कमल पुष्प है। इनका वर्णन पूर्णत : शुभ्र है और ये कमल के आसान पर विराजमान रहती हैं इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। नवरात्र पूजन के पांचवे दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस दिन साधक की समस्त बाहरी क्रियाओं एवं चित्तवृतियों का लोप हो जाता है एवं वह विशुद्ध चैतन्य स्वरुप की ओर अग्रसर होता है। उसका मन समस्त लौकिकए सांसारिकए मायिक बंधनों से विमुक्त होकर पद्मासनामां स्कंद माता के स्वरुप में पूर्णत : तल्लीन होता है ।स्कंदमाता की साधना से साधकों को आरोग्यएबुद्धिमता तथा ज्ञान की प्राप्ति होती है ।इनकी उपासना से भक की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैंएउसे परम शांति एवं सुख का अनुभव होने लगता है। स्कंदमाता की उपासना से बालरूप कार्तिकेय की स्वयं ही उपासना हो जाती हैएयह विशेषता केवल इन्हीं को प्राप्त है अत : साधक को इनकी उपासना पर विशेष ध्यान देना चाहिए । सूर्यमण्डल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक आलौकिक तेज एवं कांति से संपन्न हो जाता है। संतान सुख एवं रोगमुक्ति के लिए स्कंदमाता की पूजा करनी चाहिए। मां के श्रृंगार के लिए खूबसूरत रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्कंदमाता और भगवान कार्तिकेय की पूजा विनम्रता के साथ करनी चाहिए। पूजा में कुमकुमएअक्षतएपुष्पएफल आदि से पूजा करें। चंदन लगाएं एमाता के सामने घी का दीपक जलाएं। आज के दिन भगवती दुर्गा को केले का भोग लगाना चाहिए और यह प्रसाद ब्राह्मण को दे देना चाहिए ऐसा करने से मनुष्य की बुद्धि का विकास होता है।

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥
या देवी सर्वभूतेषुमां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:।।

**इनकी आराधना का मंत्र है :**

**या देवी सर्वभूतेषु मां स्कन्दमाता रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:।**




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )